Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24

website- www.dvpnews.in

रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 238 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, मंगलवार 11 मार्च 2025 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

सुविचार

महान ध्येय का मौन में ही सृजन होता है।

Geat goal;s crration takes place in silence.

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

छत्तीसगढ़ में ऊर्जा क्रांति : 3 लाख करोड़ का निवेश, चार तरह के पावर प्लांट से बनेगी अपार ऊर्जा

थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट में 1 लाख करोड़ से ज्यादा का मिला निवेश प्रस्ताव, 57,000 करोड़ की जलविद्युत परियोजनाएं, नदियों से बनेगी बिजली

'छत्तीसगढ़ एनर्जी इंवेस्टर्स समिट' में अदानी, जिंदल और एनटीपीसी समेत कई कंपनियों ने किया निवेश का ऐलान

थर्मल और न्यूक्लियर पावर से भी मिलेगी छत्तीसगढ़ को ऊर्जा

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ अब ऊर्जा क्रांति की ओर तेजी से बढ़ रहा है। आज रायपुर में हुए 'छत्तीसगढ़ एनर्जी इंवेस्टर्स समिट' में कई बड़ी कंपनियों ने 3 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश का ऐलान किया है. इस निवेश से राज्य में परमाणु, थर्मल, सौर और पंप्ड स्टोरेज जैसे क्षेत्रों में बिजली उत्पादन के नए प्रोजेक्ट शुरू होंगे। इससे न केवल उद्योगों को फायदा मिलेगा, बल्कि आम लोगों को भी सस्ती और निरंतर बिजली मिल सकेगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का कहना है कि छत्तीसगढ़ में ऊर्जा के क्षेत्र में यह निवेश राज्य की बिजली उत्पादन क्षमता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देकर हरित भविष्य का मार्ग प्रशस्त करेगा। हमारा लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़ न केवल ऊर्जा में आत्मनिर्भर बने, बल्कि पूरे देश के लिए एक ऊर्जा हब के रूप में स्थापित हो।

छत्तीसगढ़ पहले से ही 30,000 मेगावाट बिजली का उत्पादन कर रहा है, जो देश के औसत से ज्यादा है। अब हर व्यक्ति को 2048 किलोवाट-घंटे बिजली मिल रही है, जिससे राज्य की ऊर्जा जरूरतें पूरी हो रही हैं। परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में एनटीपीसी ने 80,000 करोड़ रुपये की लागत से 4200 मेगावाट क्षमता का न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट लगाने की योजना बनाई है। इससे छत्तीसगढ़ में परमाणु ऊर्जा से बिजली उत्पादन की शुरुआत होगी।

थर्मल पावर क्षेत्र में भी बड़े निवेश की घोषणा हुई है। अदानी पावर 66,720 करोड़ रुपये खर्च कर कोरबा, रायगढ़ और रायपुर में 1600-1600 मेगावाट के तीन थर्मल पावर प्लांट लगाएगा। जिंदल पावर रायगढ़ में 1600 मेगावाट बिजली उत्पादन के लिए 12,800 करोड़ रुपये का निवेश करेगा, जबकि सरदा एनर्जी रायगढ़ में 660 मेगावाट क्षमता के प्लांट के लिए 5,300 करोड़ रुपये लगाएगी। इसके अलावा, सरकारी कंपनियां एनटीपीसी और सीएसपीजीसीएल 41,120 करोड़ रुपये की लागत से 4500 मेगावाट बिजली उत्पादन करेंगी।

सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी छत्तीसगढ़ को बड़ी सफलता मिली है। जिंदल पावर और एनटीपीसी ग्रीन मिलकर 10,000 करोड़ रुपये खर्च कर 2500 मेगावाट सौर बिजली का उत्पादन करेंगे। इसमें डोलेसरा में 500 मेगावाट और रायगढ़ में 2000 मेगावाट के सौर प्लांट शामिल होंगे।

किसानों के लिए भी खुशखबरी है। पीएम कुसुम योजना के तहत 4100 करोड़ रुपये की लागत से 675 मेगावाट सौर बिजली का उत्पादन किया जाएगा और 20,000 सोलर पंप लगाए जाएंगे। इससे किसानों को सिंचाई के लिए सस्ती बिजली मिलेगी और डीजल पंपों की जरूरत कम होगी। इसके अलावा, 57,046 करोड़ रुपये की लागत से 8700 मेगावाट क्षमता के पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट भी शुरू होंगे। इसमें एसजेएन कोटपाली में 1800 मेगावाट और जिंदल रिन्यूएबल द्वारा 3000 मेगावाट के प्रोजेक्ट शामिल हैं।

इन सभी निवेशों के जरिए छत्तीसगढ़ जल्द ही देश के सबसे बड़े ऊर्जा उत्पादक राज्यों में शामिल हो जाएगा। इससे उद्योगों, किसानों और आम लोगों को फायदा होगा और राज्य की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी।

प्रमुख निवेश और योजनाएं

परमाणु ऊर्जा- साफ और कुशल ऊर्जा उत्पादन के लिए 80,000 करोड़ रुपए का निवेश। **ताप विद्युत**- राज्य की ताप विद्युत क्षमता को मजबूत करने के लिए 1,07,840 करोड़ रुपए। **सौर ऊर्जा**- सौर ऊर्जा परियोजनाओं के विस्तार के लिए 10,000 करोड़ रुपए। **पीएम कुसुम योजना**- किसानों के बीच सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए 4,100 करोड़ रुपए। **पंप्ड स्टोरेज परियोजनाएं**- ग्रिड स्थिरता के लिए ऊर्जा भंडारण में 57,046 करोड़ रुपए। **क्रेडा सौर पहल**- सौर ऊर्जा विस्तार के लिए 3,200 करोड़ रुपए। **पीएम सूर्य योजना**- राष्ट्रीय सौर छत परियोजना के तहत 6,000 करोड़ रुपए। **सरकारी भवनों में सौर ऊर्जा**- सरकारी इमारतों में सौर ऊर्जा अपनाने के लिए 2,500 करोड़ रुपए। **बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली**- ऊर्जा भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए 2,600 करोड़ रुपए। पावर **ट्रांसमिशन नेटवर्क**- बिजली पारेषण नेटवर्क को उन्नत करने के लिए 17,000 करोड़ रुपए। **RDSS (वितरण क्षेत्र योजना)**- वितरण बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए 10,800 करोड़ रुपए।

एनटीपीसी समूह छत्तीसगढ़ में 96,000 करोड़ रुपये का करेगा निवेश

एनटीपीसी NTPC

GOVT की सुविधा के अलावा स्थायी ऊर्जा स्रोतों को एक प्रमुख बढ़ावा देने में स्वच्छ ऊर्जा संक्रमण के प्रति भारत के प्रयासों के साथ, NTPC सीमित है इसकी सहायक NTPC ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (NGEL) ने कई योजनाओं पर हस्ताक्षर किए हैं। 96000 करोड़ रुपये के समझौते छत्तीसगढ़ सरकार के साथ हुए हैं। छत्तीसगढ़ ऊर्जा निवेशक शिखर सम्मेलन-2025 10 मार्च को रायपुर में आयोजित किया गया। समझौतों में परमाणु, पंप हाइड्रो और नवीकरणीय शामिल हैं राज्य में सौर/पवन/हाइब्रिड स्रोतों पर आधारित परियोजनाएं पर एनटीपीसी लिमिटेड के बीच पहले एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए थे।

कांग्रेस विधायकों का हंगामा, स्पीकर ने निलंबित किया

रायपुर (विसं)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र का आज 10दिन था, और कार्यवाही की शुरुआत कांग्रेस विधायकों के विरोध से हुई। यह विरोध पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी को लेकर था। कांग्रेस विधायकों के हंगामे के बाद, स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने विरोध करने वाले विधायकों को सदन से निलंबित कर दिया।

सोमवार को सदन में विभिन्न विभागों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। आदिम जाति विकास मंत्री रामविचार नेताम और वित्त मंत्री ओपी चौधरी अपने-अपने विभागों से संबंधित प्रश्नों का जवाब देंगे।

इसके साथ ही, सदन में पांच याचिकाओं की प्रस्तुति होगी, और वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुदान मांगों पर भी चर्चा की जाएगी। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण मंत्री के विभाग से जुड़े विषयों पर भी चर्चा होगी, साथ ही वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन और महिला एवं बाल विकास मंत्री के विभागों पर भी बहस की जाएगी।

निलंबन के बाद नेता प्रतिपक्ष ने बुलाई कांग्रेस विधायक दल की बैठक

रायपुर (विसं)। सदन में हुए निलंबन कार्रवाई के बाद नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने तुरंत कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई, जिसमें सभी कांग्रेस विधायक मौजूद रहे. इस बीच मंत्री रामविचार नेताम और वित्त मंत्री ओपी चौधरी विपक्षी विधायकों को मनाने पहुंचे, लेकिन कांग्रेस ने सदन की कार्यवाही से बहिर्गमन कर दिया. कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने बड़ा बयान देते हुए कहा कि विधानसभा में आवाज उठाने वालों पर कार्रवाई हो रही है, कोई भी विधायक सदन में प्रश्न उठाता है तो उसके यहां ईडी भेज देते हैं.

ईडी की रेड के बाद भूपेश बघेल बोले- सदन में सवाल पूछा तो मेरे घर भेज दी टीम

रायपुर (विसं)। प्रवर्तन निदेशालय (ED) की टीम पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पदुमनगर भिलाई तीन निवास पर छापा की कार्यवाही के बाद रायपुर रवाना हो गई. इसके बाद भूपेश बघेल अपने बंगले से निकलकर बाहर आए और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात की. उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा घबरा गई है. ईडी के पास किसी तरह का कोई सबूत नहीं है. यह सब षड्यंत्र का हिस्सा है. कांग्रेस पार्टी और मेरे खिलाफ षड्यंत्र किया जा रहा है.पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, ईडी अधिकारियों को मेरे निवास से कुछ नहीं मिला है. मेरे घर की तलाशी में मंतूराम और पुनीत गुप्ता के बातचीत की पेन ड्राइव मिली है. अभिषेक सिंह के कंपनी का बांड पेपर मिला है, जिसका नाम सुनते ही छोड़ दिया गया. कांग्रेस नेताओं को बदनाम करने की कोशिशें हो रही है.बघेल ने कहा, सुबह-सुबह ईडी की टीम मेरे घर पहुंची. मैं घर पर उस वक्त चाय पीते हुए अखबार पढ़ रहा था. ईडी के अधिकारियों ने कहा कि हम सर्च करने आए हैं. मैंने कहा कि सर्च वारंट कहां है. ईडी के अधिकारियों ने कहा, लेकर आ रहे हैं. भूपेश बघेल ने कहा, कवासी लखमा ने सदन में सवाल पूछ लिया था तो उसके घर ईडी की टीम आ गई थी. एक सवाल मैंने पूछ लिया था तो मेरे घर भी ईडी की टीम आ गई. यानि अरुण साव से ज्यादा विजय शर्मा की चलती है. भूपेश बघेल ने सभी कार्यकर्ताओं और विधायकों का दिल से आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा, सभी मेरे लिए सुबह से मोर्चे पर डटे रहे. मैं सभी साथियों के साथ कहना चाहता हूं कि आप सभी सजग और सतर्क रहें.

मैक में टीएलएम एग्जीबिशन और प्रतियोगिता का आयोजन

रायपुर (विश्व परिवार)। महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल कॉलेज, समता कॉलोनी (मैक) में टीचिंग लर्निंग मैटेरियल (झ्रूरू) एग्जीबिशन और प्रतियोगिता का आयोजन कॉलेज के चेयरमेन श्री राजेश अग्रवाल जी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एम. एस. मिश्रा द्वारा मां सरस्वती की पूजा एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षण को अधिक प्रभावी और रोचक बनाने के लिए नवाचार और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना था। एग्जीबिशन में शिक्षा विभाग बी.एड. और डी.एल.एड. के विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपने द्वारा बनाए गए शिक्षण सहायक सामग्रियों को प्रस्तुत किया। इसमें चार्ट, मॉडल, वर्किंग मॉडल आदि शामिल थे। मॉडल के अंतर्गत कारखाना उद्योग, पृथ्वी की संरचना, पवन चक्की, हृदय गतिशीलता, वोटिंग मशीन, मिट्टी का स्तरीकरण, पेंडुलम, जल संरक्षण तंत्र, चंद्रयान, बैंकिंग प्रणाली, न्याय प्रणाली इत्यादि विषयों पर विद्यार्थियों द्वारा मॉडल प्रस्तुत किए गए। जिसमें टीएलएम की विशेषताओं और उनके उपयोग पर विस्तृत जानकारी दी। इसमें मुख्य आकर्षण का केंद्र रंगीन चार्ट और पोस्टर जो किसी विषय को समझाने में सहायक थे। भाषा, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान और गणित के वर्किंग मॉडल, जिन्होंने जटिल सिद्धांतों को सरल तरीके से समझाया। नवीन और पर्यावरण-अनुकूल शिक्षण सामग्री का समावेश किया गया। प्रतियोगिता के अंत में निर्णायकों ने प्रस्तुति, उपयोगिता, रचनात्मकता और व्यावहारिकता के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। यह कार्यक्रम सभी प्रतिभागियों और दर्शकों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा।

राजकीय अतिथि आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर जी के सत्संग में भिलाई-दुर्ग से हजारों लोग जाएंगे रायपुर सत्संग में

भिलाई (विश्व परिवार)। भिलाई आर्ट ऑफ़ लिविंग संस्था के आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर का आगमन रायपुर में साइंस कॉलेज मैदान में कल दिनांक 11 मार्च को संध्या 6:00 बजे हो रहा है। इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है। आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक वॉलिंटियर घर-घर जाकर निमंत्रण दे रहे हैं। आर्ट ऑफ लिविंग के अपेक्स मेंबर दिनेश कोटेजा शिक्षक भक्ति ने बताया है कि भिलाई एवं दुर्ग जिले में लगभग बताया कि 50000 से अधिक लोग आर्ट ऑफ लिविंग का हैप्पीनेस कोर्स कर चुके हैं। पूर्व मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में पहली बार भिलाई में आर्ट ऑफ लिविंग का कोर्स 1998 में शुरू हुआ था। यहीं से पूरे छत्तीसगढ़ में फैला

है दुर्ग जिले के गांव गांव में भी आर्ट ऑफ लिविंग का ग्रामीण हैप्पीनेस कोर्स हो रहा है 11 वर्ष बाद श्री श्री रविशंकर रायपुर में राजकीय तिथि बनकर आ रहे हैं। उनके अनुयायियों में बहुत जोश खरगोश है, कि उनसे जाकर मिले उनसे सत्संग ध्यान एवं शिवलिंग की महिमा के बारे में सुने। मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के प्रथम शिक्षक श्री प्रभात नारायण ने बताया कि पूरे छत्तीसगढ़ में 650 से अधिक है आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक है जो पूरे क्षेत्र में जीवन जीने की कला, के साथ-साथ समाज में विकास का कार्य कर रहे हैं। सभी प्रोग्राम निशुल्क है कोई भी व्यक्ति आकर के आनंद ले सकता है पहले आ जाएंगे तो बैठने की व्यवस्था अच्छे से हो जाएगी।

लक्ष्मी महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित रायपुर द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति

रायपुर (विश्व परिवार)। माननीय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रायपुर छ.ग. के द्वारा पारित आदेश दिनांक 27 जनवरी 2025 के तहत श्री कुलदीप सिंह भाटिया एवं श्रीमती रश्मिंदर कौर भाटिया निवासी सी.98/2 देवेन्द्र नगर रायपुर द्वारा लक्ष्मी महिला नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित रायपुर से अपनी सी-98 रकबा 2895 वर्गफुट में बना मकान एवं सिमगा जिला भाटापारा स्थित व्यावसायीक भूमि लगभग 43560 वर्गफुट को बंधक रखकर कुल 300,00,000/- करोड रू. ऋण एवं ओवरड्राफ्ट की सुविधा 2016 में प्राप्त किया था वर्तमान में कुल बकाया ऋण 4,80,00, 000/- है, ऋणी द्वारा ऋण चुकाने में विफल होने के कारण बैंक द्वारा माननीय न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रायपुर छ.ग.के समक्ष सरफेसी एक्ट 2002 के अधीन बंधककृत संपत्ति को विक्रय कर ऋण की वसूली हेतु वाद दायर किया गया था जिस पर सुनवाई पश्चात माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 27 जनवरी 2025 को श्री कुलदीप सिंह भाटिया एवं अन्य की देवेन्द्र नगर रायपुर स्थित सी.98/2 की कुल रकबा 2895 वर्गफुट पर बना मकान का भौतिक आधिपत्य बैंक को दिलाने मान. तहसीलदार रायपुर को आदेश पारित किया गया था जिसके परिपालन में न्यायालय तहसीलदार रायपुर द्वारा दिनांक 28-02-2025 को ज्ञापन जारी कर दिनांक 07-03-2025 को बैंक को भौतिक आधिपत्य दिलाने मालजमादार रायपुर को आदेश किया गया है जिसकी प्रतिलिपि श्रीमान् पुलिस अधिक्षक रायपुर, थाना देवेन्द्र नगर रायपुर, पटवारी हल्का फाफाडीह एवं श्री कुलदीप सिंह भाटिया एवं अन्य को भेजा गया है तथा उक्त नोटिस की तामिली माल जमादार द्वारा दिनांक 03-03-2025 को अनावेदक कुलदीप सिंह भाटिया के घर जाकर लेने से इनकार करने पर नोटिस चश्पा कर तामिल कराया गया था।

तत्पश्चात माल जमादार द्वारा दिनांक 07-03-2025 को भौतिक आधिपत्य कार्यवाही करते हुए थाना देवेद्र नगर रायपुर की अधिकारियो एवं बैंक अधिकारियों को साथ लेकर श्री कुलदीप सिंह भाटिया के देवेन्द्र नगर रायपुर स्थित मकान सी-98 पर पहुचे जहाँ उनके घर के अन्दर बाहर सभी दरवाजों में ताला लगा मिला अत: मालजमादार द्वारा श्री कुलदीप सिंह भाटिया द्वारा लगाये गए तालों को सीलबंद कर नया ताला लगाकर उसे सीलबंद कर पंचनामा बनाकर बैंक के प्राधिकृत अधिकारी को चाबी सौंपकर आधिपत्य की कार्यवाही पूरी की गई है इस आधिपत्य की कानूनी कार्यवाही में बैंक को 3 वर्ष से अधिक समय लगा है। उक्त आधिपत्य की कार्यवाही के पूर्व माल जमादार के कहने पर ऋणी एवं संपत्ति धारक को उनके मोबा.नं. पर संपर्क किया गया किन्तु उनके द्वारा काल रिसीव नहीं किया गया इसके पश्चात माल जमादार द्वारा आवाज लगाकर घर के अन्दर किसी के होने, नहीं होने की पुष्टि करने की कोशिश की गई किन्तु अन्दर से किसी के द्वारा प्रतिक्रिया नहीं आने तथा सभी अन्दर बाहर दरवाजों पर ताला लगा होने के कारण इस बात की पुष्टि हो गई कि घर के अन्दर कोई भी नहीं है के पश्चात ही आधिपत्य की कार्यवाही पूर्ण की गई। आधिपत्य की कार्यवाही के दौरान श्री कुलदीप सिंह भाटिया एवं उनकी पत्नी श्रीमती रश्मिंदर कौर भाटिया जबलपुर ट्रिब्यूनल में उपस्थित थी।

नपं इंदौरी में निर्विरोध चुने गए भाजपा उपाध्यक्ष, सहसपुर लोहारा जनपद में भी भाजपा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष हुए निर्वाचित

रायपुर (विश्व परिवार)। आज नगर पंचायत इंदौरी में भाजपा के जशवंत साहू निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए वहीं जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुने गए। जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा से अध्यक्ष हेतु दुर्गा सिंह ने 17-8 एवं उपाध्यक्ष हेतु भाजपा के अशोक पटेल ने 18-7 से एकतरफा जीत सुनिश्चित की। इस दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को बधाई दी।

भावना बोहरा ने नगर पंचायत इंदौरी के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष जशवंत साहू एवं जनपद पंचायत सहसपुर लोहरा की नवनिर्वाचित अध्यक्ष दुर्गा सिंह एवं उपाध्यक्ष अशोक पटेल को बधाई देते हुए कहा कि नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जनता ने भाजपा के प्रति जो जनविश्वास प्रकट किया वह क्षेत्र के विकास एवं जनसुविधाओं के विस्तार हेतु सार्थक सिद्ध होगा।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./18790/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 10-03-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 18790
वार्ड का नाम- 55 - रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651E00550** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **KAPOORCHAND JAIN , PRAVEEN KUMAR JAIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. T.R. JAIN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **DILIP KUMAR JAIN AND DHAI BAI JAIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RIKHAB CHAND JAIN AND RIKHAB CHAND JAIN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./18876/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 10-03-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 18876
वार्ड का नाम- 55 - रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR651F00273** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **NAYNA PARAKH** पिता/पति, श्री/श्रीमती **DHEERAJ PARAKH** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MANISH JAIN AND AKANKSHA JAIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **NIHAL CHAND JAIN AND MANISH KUMAR JAIN** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /18816/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 08-03-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 18816
वार्ड का नाम- 69 - माधव राव सप्रे वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568C01342** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAMESH SINGH THAKUR** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LATE CHHATTAR SINGH THAKUR** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **MAHESH KUMAR SONI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT. GOPAL DAS SONI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री आदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /18818/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 08-03-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 18818
वार्ड का नाम- 69 - माधव राव सप्रे वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568C00414** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **CHAITRAM SINHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **BHAVNTA RAM SINHA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **NISHA SHARMA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SURAJ SHARMA** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री आदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /18827/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 08-03-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 18827
वार्ड का नाम- 69 - माधव राव सप्रे वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568C00469** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **UMESH JAIN** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SHANTI LAL JAIN** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SANJAY RAMWANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **LT .THADAMAL RAMWANI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री आदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर
(छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **सामान्य आवास योजनातर्गत कॉलोनी डुमरतराई फेस - I , जिला रायपुर** में स्थित **एम.आई.जी. फ्लैट क्रमांक-59, ब्लॉक क्रमांक-03, तृतीय तल (जी+6), श्री शशि शेखर कश्यप, पिता श्री नोहर सिंह कश्यप** को स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त फ्लैट की लीजडीड **दिनांक** 22/07/2014 पंजीकृत कराने के उपरांत फ्लैट की पूर्ण राशि जमा कर पत्र **क्रमांक 5821 दिनांक 11/05/2015** को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में **आंबटी श्री शशि शेखर कश्यप, पिता श्री नोहर सिंह कश्यप, निवासी श्री गरुदयाल सिंह कश्यप वार्ड नं 15 कंकालीन पारा, बलौदा, तहसील बलौदा जिला जाजगीर चाम्पा (छ.ग.)** के द्वारा उक्त फ्लैट को **श्री कमल किशोर शांडिल्य पिता श्री बालाराम शांडिल्य, निवासी बगला नं 31. डाल्फिन प्लाजा, मोवा रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)** के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवदेन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) की मांग की गई है।

अत: उक्त फ्लैट के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर छ.ग.

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर
(छ.ग.)फोन नं.-0771-2991574
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि **सामान्य आवास योजनांतर्गत कॉलोनी डुमरतराई फेस-I जिला रायपुर** में स्थित **एम.आई.जी. फ्लैट क्रमांक-57, ब्लॉक क्रमांक-03 तृतीय तल (जी+6), श्री, राघवेन्द्र सिंह कश्यप पिता श्री गुरूदयाल सिंह कश्यप** को स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आवटी द्वारा उक्त फ्लैट की लीजडीड **दिनांक** 22/07/2014 पंजीकृत कराने के उपरांत फ्लैट की पूर्ण राशि जमा कर पत्र **क्रमांक 5818 दिनाक 11/05/2015** को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आंबटी **श्री राघवेन्द्र सिंह कश्यप, पिता श्री गुरुदयाल सिंह कश्यप, निवासी वार्ड नं 15 कंकालीन पारा, बलौदा, तहसील बलौदा जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)** के द्वारा उक्त पलैट को **श्री कमल किशोर शांडिल्य पिता श्री बालाराम शांडिल्य, निवासी बंगला नं 31. डाल्फिन प्लाजा मोवा रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)** के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवदेन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) की मांग की गई है।

अत: उक्त फ्लैट के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर छ.ग.

न्यायालय आतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर

मामले की श्रेणी : राजस्व
संदर्भ - जिला रायपुर तहसील- रायपुर प.ह.न.-00072 डूंडा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD 202425440726700062

ईश्तहार

तहसील रायपुर के **प.ह.न. 00072** के अंतर्गत **ग्राम डूंडा** के वर्तमान भूमिस्वामी रायपुर विकास प्राधिकरण पिता/पति- पता के द्वारा धारित भूमि **खसरा क्रमांक** 143/1(0.0071) में प्रस्तावित **भूमिस्वामी/क्रेता श्रीमती अनुसुईया मिश्रा पिता/पति-श्री रामशंकर मिश्रा पता-व्ही.आई.पी. क्लब के पास सड्डू खम्हारडीह रायपुर तह व जिला रायपुर छ.ग., श्री प्रफुल्ल कुमार मिश्रा पिता/पति-श्री रामशंकर मिश्रा पता-व्ही.आई.पी. क्लब के पास सड्डू खम्हारडीह रायपुर तह व जिला रायपुर छ.ग.** के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई **दिनांक** 10/03/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय आतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/02/2025 को जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदार
PRAKASH SONI रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)
शहीद समारक भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./18929/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2025
रायपुर दिनांक : 08-03-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 18929
वार्ड का नाम- 36 - हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 36 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.- **RPR436H00329** जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती **SANJAY AGRAWAL , AJAY AGRAWAL , SUSHILA AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **श्री अजय कुमार अग्रवाल** पिता/पति, श्री/श्रीमती **पिता - स्व. श्री रामस्वरूप अग्रवाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत हक त्याग विलेख** / वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (2)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)
अमलीडीह पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone10@gmail.com

पत्र क्र./18664/ न.पा.नि./जोन क्र.-10/2025
रायपुर, दिनांक 10-03-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 18664
वार्ड का नाम- 55 - रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 55 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR652K2B090** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **MINOR HARDIK SANJAY RAWLANI, MINOR HARDIK KHALANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SANJAY RAWLANI , HARISH MAKHIJA** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **APU RANJAN ROY** पिता/पति, श्री/श्रीमती **SW. ARBINDU ROY** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-(10)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email Id- eocghbzone1@gmail.com

आम-सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी टाटीबंध, रायपुर में निर्मित एल. आई.जी.- II, भवन योजना में से भवन/भूखण्ड क्र. **एल.आई.जी.- II/153, श्री अजय अग्रवाल पिता श्री राम अवतार अग्रवाल,** को स्ववित्तीय/भाड़ाक्रय /एकमुश्त / ऑफर आधार पर आबंटित / नामांतरित किया गया है। उनके द्वारा **दिनांक** 21.09.2011 को लीजडीड/सेलडीड/विक्रय विलेख पंजीकृत करा लिया गया है। मूल आबंटी द्वारा उक्त भवन **श्री दशरथ चौधरी पिता श्री लल्लू चौधरी** के पक्ष में **दिनांक** 17.12.2012 को विक्रय कर दिया।

तद्रुपरांत क्रेता द्वारा उक्त भवन / भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन / भूखण्ड क्रेता **श्री दशरथ चौधरी पिता श्री लल्लू चौधरी** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अत: किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वत: उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /18972/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 10-03-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 18972
वार्ड का नाम- 02 - पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 02 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR802K00252** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **ALKA DANI** पिता/पति, श्री/श्रीमती **CHAITANYA KUMAR DANI** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **HASEENA KHATOON** पिता/पति, श्री/श्रीमती **MUKHTAR ALI** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री आदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर
(छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

आम-सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि **दीनदयाल आवास योजनांतर्गत सड्डू, रायपुर** में स्थित **एल.आई.जी. भवन क्रमांक- 917. श्री चक्रेश जैन पिता श्री साबूलाल जैन** के नाम से आबंटित है, आबंटी द्वारा उक्त भवन की सेलडीड / अनुबंध **दिनांक 11/11/2010** पंजीकृत कराने के उपरांत भवन की पूर्ण राशि जमा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आबंटी **श्री चक्रेश जैन पिता श्री साबूलाल जैन निवासी-एल.आई.जी.-918, सेक्टर-06, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सड्डू रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)** के द्वारा उक्त भवन को **क्रेता श्री नरेश कुमार मचाड़े पिता श्री पुनाजी मचाड़े निवासी- एल.आई.जी.-955, सेक्टर-06, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सड्डू रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)** के नाम से विक्रय करने के लिये इस कार्यालय में अपना आवेदन एवं विक्रय इकरारनामा, बैंक में ऋण नहीं होने संबंधी शपथ पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) की मांग की गई है।

अत: उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 845 दिनांक 10.03.2025
वार्ड का नाम- जवाहर लाल नेहरू वार्ड
वार्ड क्र. 36 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 36 मांग **पंजी क्र. 321 युआईडी 29769** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **अमृत लाल पटेल / मान जी भाई पटेल** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **1 छगन लाल पटेल / गंगादास पटेल 2. नाकरानी गोरधनभाई गगंदास / नाकरानी गगंदास कानजीभाई** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **09-04-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 846 दिनांक 10.03.2025
वार्ड का नाम- माधव राव सप्रे वार्ड
वार्ड क्र. 19 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 19 मांग **पंजी क्र. 272 युआईडी 21568** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **उत्तरा शर्मा / मोहित शर्मा** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **रहमुन निशा / जलालुद्दीन** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **09-04-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला- रायपुर (छ.ग.)
Email :birgaonmcp@gmail.com,
Website : www.nagarnigambirgaon.com

-: निगम अभिलेखों में नामांतरण की सूचना :-

नामांतरण प्रकरण क्र. 847 दिनांक 10.03.2025
वार्ड का नाम- सुन्दर लाल शर्मा वार्ड
वार्ड क्र. 20 वर्ष- 2024-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार भवन/भूमि जो कि निगम के संपत्ति कर मांग पंजी में वार्ड क्रमांक 20 मांग **पंजी क्र. 08 युआईडी 21897** अनुसार अधिभोगी का नाम श्री/श्रीमती **मुन्नी तिवारी / राजेन्द्र तिवारी** से दर्ज है, श्री/श्रीमती **सतिवा बाई तिवारी / स्व. राजेन्द्र तिवारी** अधिभोगी के द्वारा रजिस्ट्री/ लिखत द्वारा/ वंशानुक्रम/ बिक्रीनामा आधार पर अधिभोग प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त अधिभोग परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर/अथवा दिनांक **09-04-2025** तक प्रकरण क्रमांक सहित कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव में लिखित दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई दावा-आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। दावा-आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में अधिभोगी के द्वारा देय राशि भुगतान उपरांत अधिभोगी के पक्ष में नामांतरण की कार्यवाही की जावेगी।

राजस्व अधिकारी
नगर पालिक निगम, बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर
E-mail ID - rmczone1@gmail.com

पत्र क्र./17246/ न.पा.नि./जोन क्र.-1/2025
रायपुर, दिनांक 13-02-2025

संशोधित इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 17246
वार्ड का नाम- 17 - ठक्कर बापा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 17 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR109E00413** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **DIPAK KUMAR SINHA** पिता/पति, श्री/श्रीमती **S/O NOHAR PRASAD** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT. TARA AGRAWAL** पिता/पति, श्री/श्रीमती **W/O LT. JHUMUK LAL AGRAWAL** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री हितेन्द्र यादव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक- (1)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार, रायपुर
E-mail ID - rmczone8@gmail.com

पत्र क्र. /18814/ न.पा.नि./जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 08-03-2025

इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 18814
वार्ड का नाम- 69 - माधव राव सप्रे वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 69 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. **RPR568B00610** जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती **RAJENDRA GAYAKWAD** पिता/पति, श्री/श्रीमती **PURSHOTTAM GAYAKWAD** के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती **SMT MALTI SAHU** पिता/पति, श्री/श्रीमती **RAJENDRA SAHU** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री आदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक-8
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर मंगलवार 11 मार्च 2025

छात्र-छात्राएं अर्जुन की तरह अपने लक्ष्य पर सीधा नजर रख करे पूरा सोशल मीडिया से रहे दूर-ठाकुर प्रसाद राजवाड़े

विद्यार्थी पढ़ाई पर ध्यान रख कर आगे बढ़े माता-पिता का सपनों को करें साकार -भूलन सिंह मरावी

शासकीय महाविद्यालय विश्रामपुर पुरस्कार वितरण एवं समान समारोह में बोले अतिथिगण

गोपाल सिंह विद्रोही

बिश्रामपुर(दैनिक अमर स्तंभ न्यूज)-छात्र छात्राएं अपने कला कौशल को विकास करें ,पढ़ाई के साथ खेल कूद में हिस्सा ले, शरीर को स्वस्थ बनाएं, माता-पिता की मर्यादा को ध्यान रखें,, भारतीय संस्कृति एवं संस्कार के तहत शिक्षा ग्रहण करें गुरु की बताएं रास्ते रास्ते पर चले, अपना मर्यादा का ख्याल रखें ,मर्यादा के साथ-साथ विद्यार्थी धर्म का पालन करें। एक लक्ष्य बना कर आगे बढ़े। माता-पिता एवं गुरुजनों का नाम रोशन करें ।

उक्त बातें शासकीय महाविद्याल महाविद्यालय विश्रामपुर का पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के युवा जुझारू नेता ठाकुर प्रसाद राजवाड़े एवं महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के प्रतिनिधि ठाकुर प्रसाद राजवाड़े ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कही। ठाकुर प्रसाद राजवाड़े ने आगे कहा कि आपका भविष्य आपके हाथों में है मेहनत करेंगे परिश्रम करेंगे तो लक्ष्य अवश्य प्राप्त करेंगे। कॉलेज समय काटने का नहीं होता है अपने एवं माता-पिता के मर्यादा को ध्यान में रखकर पढ़ाई पर ध्यान रखें ।पाश्चात्य संस्कृति एवं संस्कार फेसबुक इंस्टाग्राम से दूर रहे। मोबाइल से जितनी आवश्यकता हो अध्ययन के लिए उतना ही उपयोग करें और किताबों से दोस्ती करें तो अवश्य ही आप अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रेम नगर विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि यह बात सत्य है कि विद्यार्थियों को अपने माता-पिता के मर्यादा को अपने पवित्रता को भारतीय संस्कृति को ध्यान में रखकर एकाग्रचित होकर पढ़ाई पर ध्यान देना चाहिए ।विद्यार्थियों को विद्यार्थी धर्म का पालन करना चाहिए अर्थात पढ़ाई को अपना लक्ष्य मानकर जी जान से अध्ययन करना चाहिए ।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डीपी करी ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए अतिथियों से महाविद्यालय में चार दिवारी मंच निर्माण के लिए आग्रह किया। प्राचार्य के इस आग्राह को विधायक भूलन सिंह मरावी, मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर प्रसाद राजवाड़े ने दोनों मिलकर संयुक्त रूप से चार दिवारी का एवं मंच निर्माण का आश्वासन दिया ।

इस अवसर पर महाविद्यालय के अध्यक्ष रितेश जायसवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महा विद्यालय अल्प समय में अच्छा विकास किया है। अच्छा परीक्षा परिणाम रहा है। बच्चों का ग्रोथ बढ़ा है ।प्राचार्य डीपी कोरी के मार्गदर्शन में सभी स्टाफ जन्म अच्छा कार्य कर रहे हैं ,इसके लिए हम इन्हें बधाई देते हैं तथा आने वाले समय में महाविद्यालय का और अच्छा ग्रोथ बढ़े इसके लिए अग्रिम शुभकामनाएं देते हैं ।श्री जायसवाल ने सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया ।

मंचासीन अतिथियों को किया गया आत्मीय स्वागत- मंच पर विराजमान मुख्य अतिथि प्रेम नगर विधायक भूलन सिंह मरावी, भाजपा नेता एवं मंत्री प्रतिनिधि ठाकुर प्रसाद राजवाड़े, नगर पंचायत बिश्रामपुर अध्यक्ष निर्मला यादव ,नगर पंचायत शिवनंदनपुर अध्यक्ष कृष्ण कुमार गोयल, जन भागीदारी समिति अध्यक्ष रितेश जायसवाल सरपंच ग्राम पंचायत गोरखनाथपुर शिवनारायण सिंह ,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राजेश यादव, जन्म भागीदारी समिति सदस्य एवं पार्षद दीपेंद्र सिंह चौहान, भाजपा नेता ललित गोयल ,पार्षद सीती कांत स्वाई, मनी बग्गा, भाजपा नेत्री श्याम पांडे, मोहनी झा, पत्रकार गोपाल सिंह विद्रोही, राजकिशोर चौधरी, पत्रकार राजेंद्र प्रसाद,पार्षद पिंटू यादव ,अमरेश प्रसाद, रुक्मणि सोनी आदि का पुष्पगुच्छ से प्राचार्य डीपी कोरी सहित चंदन सिंह ,निशांत नमन शैलेश सिंह, प्रोफेसर श्रीमती उमा ,प्रोफेसर शशि शेखर कुमार, प्रोफेसर श्री मनीष अंजलि तिर्की, प्रियंका भगत साकेत दुबे प्रीति दास, घनश्याम दुबे, राम धुन मांडवा, चन्दन सिंह,श्रीमती निकहत एकाकी आदि ने स्वागत किया ।वरिष्ठ पत्रकार गोपाल सिंह विद्रोही ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला पुलिसकर्मी श्रीमती पिंकी का स्वागत किया। मंच का सफ्ल संचालन प्रोफेसर सुश्री मनीषा अंजलि तिर्की एवं अंकुश सिंह सिसोदिया ने संयुक्त रूप से किया

रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति से महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने अतिथियों का दिल जीता- शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। दर्शकों एवं अतिथियों का शिव महा तांडव नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुति ने अपनी तरफ ध्यान आकर्षित किया तथ्य दिल जीता,जिस पर अतिथियों ने प्रोत्साहन स्वरूप नगद राशि प्रदान कर भारतीय संस्कृति को भविष्य में भी मंचन करने का सुझाव दिया।

वार्षिक चतुर्थ अंक नवा बिहान एवं कविता संग्रह अवनि का विमोचन - उक्त अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डीपी कोरी द्वारा संग्रहित कविता भाग 15 अवनि एवं महाविद्यालय का वार्षिक चतुर्थ अंक नवा बिहान बिहान का विमोचन उपस्थित अतिथियों ने किया

आयोजन के मुख्य अतिथि सरगुजा सांसद नहीं पहुंचे - उक्त महाविद्यालय का पुरस्कार वितरण एवं समान समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था इसी प्रकार विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व अविभाजी सरगुजा एवं सूरजपुर जिला के भाजपा अध्यक्ष अजय गोयल को भी आमंत्रित किया गया था ये दोनों अतिथि सम्मान समारोह में नहीं पहुंचे।

संक्षिप्त समाचार

जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य गणों का शपथ ग्रहण व कार्यभार ग्रहण कार्यक्रम हुआ संपन्न

सूरजपुर ब्यूरो(दैनिक विश्व परिवार)-सूरजपुर जिला पंचायत सूरजपुर के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं समस्त सदस्य नवनिर्वाचित होने बाद जिला पंचायत में प्रथम सम्मेलन कार्यक्रम आयोजन किया गया। सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों का अपने कार्य के प्रति सत्य निष्ठा एवं पंचायत राज अधिनियम के विधि सम्मत कार्य किए जाने संबंधी शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित हुई। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि देवपाल सिंह पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती रेखा राजलाल राजवाड़े व नवनिर्वाचित सभी जिला पंचायत सदस्य, रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष श्री बाबूलाल अग्रवाल ,श्री मुरली मनोहर सोनी, श्री ठाकुर रजवाड़े सहित श्री सत्यनारायण जायसवाल एवं अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों की उपस्तिथि में संपन्न हुआ।

नगरपालिका परिषद सूरजपुर का शपथ ग्रहण समारोह हुआ सम्पन्न

सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)- सूरजपुर नगर पालिका चुनाव में विजयी हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आज संपन्न हुआ।शपथ ग्रहण समारोह में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में शामिल थीं। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्रीमती चांदनी कंवर द्वारा नवनिर्वाचित उम्मीदवारों को शपथ दिलाया गया। शपथ ग्रहण समारोह में प्रेम नगर विधायक श्री भूलन सिंह मराबी, पूर्व विधायक श्री खेल साय सिंह, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक व अन्य संबंधित अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित थे।

जिला स्तरीय पशु मेला का हुआ आयोजन

सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)-सूरजपुर कलेक्टर एस. जयवर्धन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सूरजपुर के दिशानिर्देष पर उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, जिला सूरजपुर डॉ. आर.एस. बघेल के नेतृत्व में रामानुजनगर विकासखण्ड के ग्राम पंचायत तेलाईमुड़ा में जिला स्तरीय पशु मेला का आयोजन हुआ।

पशुपालक व कृषकों के संगोष्ठी कार्यक्रम में अधिक संख्या में पशुपालक उपस्थित हुये 08 मार्च को पशु प्रदर्षनी सह पशु मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पशुपालकों द्वारा रूचि ली गई और विभिन्न श्रेणी के पशुधन दुधारू गाय, दुधारू भैंस, बैल जोड़ी, उन्नत नस्ल की बछिया, बकरा-बकरी व कुक्कुट आदि ने भाग लिया तथा श्रेणीवार प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार पशुपालकों को प्रदाय किया गया।

मेले में पशुपालकों को चारा प्रसंस्करण जैसे - पैरा का यूरिया उपचार, साईलेज निर्माण एवं अजोला उत्पादन के साथ-साथ विभागीय योजनाओं के बारे में स्टॉल के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में श्रीमती हेमलता राजवाड़े, जनपद पंचायत रामानुजनगर के अध्यक्ष श्री गुलाब सिंह, जनपद सदस्य रामानुजनगर श्री मनोज हितकर, श्री संत कुमार साहू, सरपंच ग्राम पंचायत तेलाईमुड़ा श्रीमती फुलबसिया सिंह व उपसरपंच श्री राजेष साहू सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुयें।

कार्यालयों में ई ऑफिस का क्रियान्वयन शीघ्र हो सुनिश्चित:- कलेक्टर

सूरजपुर ब्यूरो (दैनिक विश्व परिवार)-कलेक्टर एस.जयवर्धन की अध्यक्षता में आज समय सीमा की बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में रखा गया था। जिसमें प्रधानमंत्री पोर्टल से संबंधित लोक शिकायतों के संबंध में अद्यतन जानकारी प्राप्त की गई एवं आवेदनों के शीघ्र निराकरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

बैठक में शासन के मंशानुरूप जिले में शीघ्र ई ऑफिस को मूर्त रूप देने के निर्देश दिये गए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को बताया कि ई ऑफिस को लागू करने की मंशा सरकारी कार्यालयों में एक सरलीकृत, उत्तरदायी, प्रभावी, जवाबदेह और पारदर्शी कार्यप्रणाली को प्राप्त करना है। ई-ऑफिस की गति और दक्षता न केवल विभागों को सूचित और त्वरित निर्णय लेने में सहायता करती है बल्कि उन्हें पेपरलेस भी बनाती है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यालयीन कामकाज में पारदर्शिता लाने और प्रशासन को सशक्त बनाने के लिए ई ऑफिस का पूर्ण क्रियान्वयन सफलतापूर्वक शीघ्र किया जाये ।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू, सर्व एसडीएम व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

मध्यप्रदेश से कुदरगढ़ दर्शन करने पहुंची श्रद्धालु की हृदयघात से मौत

सूरजपुर ब्यूरो(दैनिक विश्व परिवार)-उपवास रख वृद्ध महिला रामकली शाह पति रामनाथ शाह जाति साहू उम्र लगभग 65 वर्ष निवासी गाड़ा जिला सिंगरोली मध्यप्रदेश सहित अन्य 6 पारिवारिक सदस्य बस से मां बागेश्वरी देवी के दर्शन हेतु सूरजपुर जिला के ओड़गी क्षेत्र अंतर्गत मां कुदरगढ़ देवी धाम पहुंची थी। जो दर्शन हेतु सीढ़ी चढ़ रही थी उसी वक्त 10-12 सीढ़ीयो में पहुंचते ही चक्कर आ जाने से वही बैठ गई जिसके बाद पुन: उसे झटका आया और वही बैठे बैठे सीढ़ीयो में ही गिर गई जिससे वृद्ध महिला के दिल पर चोट खरोच भी आई और आश पास मौजूदा दर्शनार्थियों के मुताबिक गिरते ही अचानक हृदय घाट से मौके पर ही मौत हो गई। उक्त घटना की जानकारी लगते हैं आनन फ़ान में मौके पर मां बागेश्वरी देवी लोक न्यास ट्रस्ट के अधिकारी-कर्मचारी पहुंचे और मदद के हाथ बढ़ते हुए उपचार हेतु एंबुलेंस के माध्यम से उप स्वास्थ्य केंद्र ओड़गी ले जाया गया जिसके प्रारंभिक उपचार के दौरान ही चिकित्सको द्वारा अमृत घोषित कर दिया गया। पोस्टमार्टम की व्यवस्था कराई जा रही है घटना की सही जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट हो पाएगी। दर्शनार्थियों के सुख-दुख में साथ खड़ा है ट्रस्ट मां बागेश्वरी देवी लोक न्यास ट्रस्ट कुदरगढ़ देवी धाम के अध्यक्ष एवं पूर्व गृह मंत्री रामसेवक पैकरा व बाबूलाल अग्रवाल चेयरमैन इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी ने घटना की जानकारी प्राप्त होते ही तत्काल जिला कलेक्टर एस जयवर्धन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री कपिल देव पैकरा सहित ट्रस्ट के अन्य अधिकारी-कर्मचारियों को तत्काल पोस्टमार्टम करा कर मृतक के परिवार को सहयोग करने व मृतक वृद्ध महिला को पूरे सम्मान के साथ वाहन की व्यवस्था कराकर उनके गृह ग्राम तक पहुंचने की व्यवस्था के निर्देश देकर घर तक पहुंचवाया भी और हृदयाघात से हुई अत्यंत ही दुखद घटना पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए मृतिका श्रीमती रामकली शाह के प्रति अपनी गहरी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए माता रानी से परिवार को इस दुख की घड़ी में सहनशक्ति और संबल प्रदान करने की कामना की है।

राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक निरीक्षण दल द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धरसेड़ी का किया गया निरीक्षण

सूरजपुर ब्यूरो(दैनिक विश्व परिवार)- कलेक्टर श्री एस जयवर्धन के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ के.डी. पैकरा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ0 प्रिंस जायसवाल जिला आरएमएनसीएचए सलाहकार शुभव श्रीवास्तव के मार्गदर्शन तथा ब्लॉक मेडिकल अधिकारी आदरणीय डॉ बंटी बैरागी के नेतृत्व में दो दिवसीय राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन निरीक्षण दल दिल्ली की टीम द्वारा 07 व 08 मार्च को ओड़गी ब्लॉक के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र धरसेड़ी का मानक/बैंचमार्क अनुसार असेसमेंट किया गया। जिसमें स्वास्थ्य की बेहतर बुनियादी सुविधाएं को उपलब्ध संसाधनों के अनुसार चेकलिस्ट के आधार पर सभी गुणवत्ता का असेसमेंट किया गया इस दौरान सर्व प्रथम निरीक्षण दल की टीम के आदरणीय श्री सुरेश बचु एवं श्रीमती सबिता सुधा ललिता मैड़म की स्वागत सुवा गीत के साथ चंदन तिलक, पुष्पवर्षा के साथ किया गया। इसके बाद बैच लगाकर विधिवत रूप से कार्यक्रम की शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात टीम अस्पताल के सभी वार्डों, कक्षों में जाकर बारीकी के साथ गुणवत्ता व मानक आधार पर असेसमेंट किया गया। दूसरे दिवस राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) टीम द्वारा अस्पताल की सेवाओं की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया इस दौरान अस्पताल की सेवाओं का परीक्षण किया गया, मरीज़ों से फ़ीडबैक लिया गया, उपलब्ध सेवाओं, मरीज़ों के अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विसेस, क्लिनिकल सर्विसेस, इन्फ़ेक्शन कंट्रोल, गुणवत्ता प्रबंधन, और आउटकम जैसे पैरामीटरों पर परीक्षण किया गये है। पूर्व-निर्धारित मानकों को पूरा करने वाले अस्पतालों को प्रमाण-पत्र दिया जाता है। एनक्यूएएस कार्यक्रम की शुरुआत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने की है इसका मकसद, बेहतर प्रदर्शन करने वाली सुविधाओं को पहचानना और सार्वजनिक अस्पतालों की विश्वसनीयता में सुधार करना है उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाण-पत्र प्रदान करने के पूर्व विशेषज्ञों की टीम द्वारा अस्पताल की सेवाओं और संतुष्टि स्तर का विभिन्न मानकों पर परीक्षण किया जाता है। इनमें उपलब्ध सेवाएं, मरीजों के अधिकार, इनपुट, सपोर्ट सर्विसेज जिसका उद्देश्य बेहतर प्रदर्शन करने वाली सुविधाओं को मान्यता देना तथा समुदाय में सार्वजनिक अस्पतालों की विश्वसनीयता में सुधार करना है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन कार्यक्रम जिसके तहत केंद्र की टीम द्वारा मूल्यांकन किया जाता है और जब स्वास्थ्य केंद्र को राज्य द्वारा प्रमाण पत मंत्रालय द्वारा उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा और मरीज़ों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराना अस्पतालों को आश्वासन मानक (एनक्यू संस्थाओं , इनपुट, सपोर्ट सर्विस इन्फे प्रबंधन और आउटकम मानकों पर खरा उतरने मानक प्रमाण-पत्र प्रदान जैसे उपलब्धि हासिल किया जाना होता है, इसी दौरान अंतिम दिवस 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस होने के साथ -साथ एक साथ दो कार्यक्रम आयोजित किया गया एक विदाई कार्यक्रम एक अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस सम्मान समारोह दोनो को एक साथ किया गया, जिसमें मातृ शक्ति के रूप में सभी महिला स्वास्थ्य अधिकारी, कर्मचारियों बीसी एमटी महिलाओं को सम्मानित किया गया अंतिम में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन टीम को स्मृति प्रतीक चिन्ह भेंट कर भावभिनी विदाई दी गई, इस दौरान जिला की एनक्युएस टीम मेम्बर्स में श्री कमलेश सोनी,श्री नीरज दास ,श्रीमती मीना राजवाड़े, श्री विवेक सदन नाविक, श्री सुभाष यादव, पीयूष यादव,मो0 राजा, का विशेष योगदान रहा, ब्लॉक टीम में बीपीएम सखन आयाम, बिटीओ, देवनाथ रवि, ब्लॉक डाटा मैनेजर संदीप कुमार, यू.आर धूर्व ब्लॉक कुष्ठ प्रभारी एमटीएस ओमप्रकाश राजवाड़े,एसटीएस कबीर ,जूनियर सेकेट्रियल असिस्टेंट श्री अरविंद यादव संत राम ,गोपालशरण सिंह सीसीपी,कविता सिंह काउंसलर,ऋतु राज सिंहा नेत्र सहायक अधिकारी आदि मौजूद रहे।

दैनिक
विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर मंगलवार 11 मार्च 2025

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

संपादकीय

पाक की तरह बर्बादी की ओर बढ़ता बांग्लादेश

ललित गर्ग

अब अगर बांग्लादेश ने तय ही कर लिया है कि भारत से संबंध खराब करने की हर कीमत चुकाने के लिए तैयार है तो कुछ भी कहना बेमानी है। जब बांग्लादेश ने पाकिस्तान की राह पर चलने की ठान ही ली है, तो उनके दुष्परिणाम भी उसे ही भुगतने होंगे। कहते है कि 'जब गीदड़ की मौत आती है तो वह शहर की तरफ़ भागता है' भले ही यह एक मुहावरा है लेकिन बांग्लादेश पर खरा उतर रहा है, इसका मतलब है कि बांग्लादेश मुसीबत रूपी पाकिस्तान से दोस्ती बढ़ा रहा है। 30 लाख बांग्लादेशी लोगों की हत्या करने वाला पाकिस्तान अब दोस्त बन गया है और हर तरह से मदद करने वाला भारत दुश्मन। बांग्लादेश और पाकिस्तान की बढती नजदीकियां, बांग्लादेश का भारत विरोध और पाकिस्तान प्रेम इस मुल्क पर भारी पड़ सकता है और भारी पड़ रहा है। भले ही 54 सालों में पहली बार बांग्लादेश और पाकिस्तान सीधा कारोबार शुरू हुआ है। देखने वाली बात यह भी है कि पाकिस्तान और भारत के बीच संबंध सामान्य नहीं हैं और व्यापार ठप्प है। ऐसे में इसका असर भारत पर नहीं पाकिस्तान पर जरूर पड़ा है और वहां की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। बांग्लादेश के लिए भारत जो मायने रखता है, उसकी भरपाई पाकिस्तान तो कतई नहीं कर सकता है। जिस बांग्लादेश को पाकिस्तानी क्रूरता से मुक्त कराकर एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में भारत ने तमाम कुर्बानियों के बाद जन्म दिया, उसका भारत-विरोधी रवैया दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि विडम्बनापूर्ण कहा जाएगा। भारत से पंगा बांग्लादेश को महंगा पड़ेगा। अब अगर बांग्लादेश ने तय ही कर लिया है कि भारत से संबंध खराब करने की हर कीमत चुकाने के लिए तैयार है तो कुछ भी कहना बेमानी है। जब बांग्लादेश ने पाकिस्तान की राह पर चलने की ठान ही ली है, तो उनके दुष्परिणाम भी उसे ही भुगतने होंगे। बांग्लादेश के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं, आम जनता पर दु:खों, परेशानियों एवं समस्याओं के पहाड़ टूटने लगे हैं। वहां जैसी आंतरिक गुटबाजी, प्रशासनिक शिथिलताएं, अराजकताएं और अव्यवस्थाएं बढ़ रही हैं, उसे देखते हुए सेना प्रमुख जनरल वकार उज-जमां ने सेना की भूमिका बढ़ाने की बात कही है। उनका संकेत साफ है, यदि अंतरिम सरकार हालात को संभाल पाने में नाकाम रहती है, तो सेना मोर्चा संभालने को तैयार

है। दरअसल, शेख हसीना की विदाई के साथ वहां जिस तरह से राजनीतिक अस्थिरता एवं अराजकता बढ़ी है, उसका नुकसान पूरे देश को हो रहा है। न सिर्फ निवेश पर प्रभाव पड़ा है, विदेशी संबंध भी चरमरा रहे हैं, आर्थिक गिरावट तेजी से बढ़ रही है। भारत जैसे देश के साथ सामान्य व्यापार और ढांचागत विकास संबंधी योजनाओं में भी रुकावटें पैदा हुई हैं। बांग्लादेश भारत की सदाशयता एवं उदारता के बावजूद टकराव के मूड में नजर आ रहा है, उसका अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सुरक्षा को लेकर भी ऐसा ही रवैया है, जिस बारे में वह भले ही अब दलील दे रहा है कि हालिया बांग्लादेश में हिन्दुओं से जुड़ी हिंसक घटनाएं सांप्रदायिक नहीं बल्कि राजनीतिक कारणों से हुई हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दोनों देशों के संबंध बिगाड़ने में पर्दे के पीछे पाकिस्तान की भूमिका साफ है। बांग्लादेश से हाल ही में आई रिपोर्ट चिंताजनक हैं। चल रहे राजनीतिक संकट और राज्य पुलिस की गिरावट ने अल्पसंख्यक समुदायों, खासकर हिंदुओं पर लक्षित हमलों के लिए अनुकूल स्थिति पैदा कर दी है। 1947 से, हिंदू आबादी 30 प्रतिशत से घटकर 9 प्रतिशत से भी कम हो गई है। शेख हसीना की सरकार के पतन के बाद से स्थिति और खराब हो गई है, जो 2009 से सत्ता में थी। यह संकट पूर्वी पाकिस्तान और आधुनिक बांग्लादेश में हिंदुओं के प्रत्यक्ष और गुप्त नरसंहार के लंबे इतिहास को दर्शाता है। मंदिरों और पवित्र स्थलों पर 200 से अधिक कथित हमलों सहित वर्तमान हिंसा एक बड़े, निरंतर कट्टरतावादी अभियान का हिस्सा है। हालिया संकट, जो जुलाई 2024 में कथित छात्रों के विरोध प्रदर्शन से शुरू हुआ था, उसकी गहरी ऐतिहासिक जड़ें हैं और यह दशकों से बढ़ते मुस्लिम कट्टता से जुड़े तनावों को दर्शाता है। भारत प्रारंभ से बांग्लादेश का सहयोगी एवं हितैषी रहा है, इसी कारण उसने पिछले डेढ़ दशकों में जो आर्थिक तरक्की हासिल की, छह फीसदी से अधिक दर से जीडीपी को बढ़ाया और 2026 तक विकासशील देशों के समूह में शामिल होने का सपना देखा, उन सब पर मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार संकीर्णतावादी एवं दुराग्रही सोच के कारण काली छाया मंडराने लगी है। आज कानून-व्यवस्था के सामने समस्या पैदा हो गई है, बांग्ला राष्ट्रवाद की वकालत करने वालों पर खतरा मंडरा रहा है, प्रगतिशील मुस्लिमों एवं अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं और बंगबंधु व मुक्ति संग्राम के इतिहास को मिटाने का प्रयास हो रहा है। बांग्लादेश की यह गति इसलिए हुई है, क्योंकि मोहम्मद यूनुस सरकार आम जन की अपेक्षाओं के अनुरूप चुनौतियों से लड़ पाने में नाकाम हो रही है और भारत से टकराव मोल लेने को तैयार बैठे बांग्लादेश के ऐसे हुक्मरान विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश रहे हैं एवं दोनों देशों के आपसी संबंधों को नेस्तनाबूंद कर रहे हैं। आज वहां सांविधानिक, राजनीतिक वैधता का संकट तो गहराया ही है लेकिन लोकतांत्रिक मूल्य भी धुंधला रहे हैं। मोहम्मद यूनुस को बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और अवामी लीग जैसी पार्टियों ने कभी पसंद नहीं किया और अब आमजनता का भी पूरा साथ उनको नहीं मिल रहा है। स्टूडेंट अगेंस्ट डिस्क्रिमिनेशन के बैनर तले छात्रों ने अपना आंदोलन शुरू किया और शेख हसीना के तख्तापलट की वजह भी बना, तब उनकी मुख्य मांगों में रोजगार प्रमुख रहा, मगर यूनुस सरकार अब इस मोर्चे पर भी फिस्डी साबित हुई है। उनकी कट्टरपंथी सोच और जिन्ना को राष्ट्रपिता बनाने जैसी पहल को देख उदारवादी छात्र खुद को छला हुआ महसूस करने लगे हैं, इस कारण विश्वविद्यालयों में हिंसा रूकने का नाम नहीं ले रही है। मोहम्मद यूनुस की अपरिपक्व राजनीतिक सोच एवं कट्टरवादी सोच के कारण ही बांग्लादेश ने भारत से दूरियां बढ़ाई है। रस्सी जल गयी पर ऐंठन नहीं गयी की स्थिति में यूनुस भूल गये कि अभी भारत में नरेन्द्र मोदी जैसे कद्दावर एवं सूझबूझ वाले विश्वनेता का शासन है, भारत से दुश्मनी कितनी भारी पड़ सकती है, पाकिस्तान की दुर्दशा से समझा जा सकता है। पाकिस्तान भारत विरोधी अभियान को लेकर बांग्लादेश पहुंचा है। मान न मान, मैं तेरा मेहमान वाली स्थिति में अस्थिर बांग्लादेश में चीन एवं पाकिस्तान जैसी तमाम बाहरी ताकतें दखल देने की इच्छुक हैं। इससे दोनों देश बांग्लादेश की जमीन से भारत को घेरना चाहते हैं, बांग्लादेश भी इन षडयंत्रकारी देशों की गिरफ्त में आ गया है और वह भारत विरोध को तीक्ष्ण करने में जुट गया है। भारत अपनी सीमाओं को अभेद्य बना रहा है तो बांग्लादेश समझौते के बावजूद बाधाएं डाल रहा है। सीमाओं के खुले रहने से बांग्लादेश से लगातार अवैध घुसपैठ, हथियारों की तस्करी, ड्रग स्मगलिंग, नकली नोटों का कारोबार और आतंकवादी गतिविधियां लगातार हो रही हैं। विशेषत: पाकिस्तान अब अपनी आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिये बांग्लादेश का उपयोग कर रहा है। दरअसल, बांग्लादेश की यूनुस सरकार पाकिस्तान के इशारों पर पुराने मुद्दे उछाल कर विवाद को हवा दे रही है। निश्चित ही पाक से उसकी बढ़ती नजदीकियां के चलते ही बांग्लादेश में पाक सेना के अधिकारियों की सक्रियता देखी गई है। यूनुस सरकार ने भारत विरोधी तत्वों को न केवल हवा दी है।बल्कि उनको उग्र कर दिया है। भारत की उदारता को बांग्लादेश हमारी कमजोरी न मान ले, इसलिए उसे बताना जरूरी है कि भारत से टकराव की कीमत उसे भविष्य में चुकानी पड़ सकती है। यह भी कि संबंधों में यह कसैलापन, दौगलापन एवं टकराव लंबे समय तक नहीं चल सकता।

रेरा मकान खरीदारों को राहत नहीं.....

सुप्रीम कोर्ट ने स्वागतयोग्य हस्तक्षेप किया है। न्यायमूर्तियों ने जो टिप्पणियां कीं, वे सबूत हैं कि रेरा मकान खरीदारों को तनिक भी राहत नहीं दिला पाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के फिरौती वसूली' जा रही है। पूर्व यूपीए सरकार के समय जब रियल एस्टेट विनियमन प्राधिकरण (रेरा) कानून पारित हुआ, तो उससे मकान खरीदारों में ऊंची उम्मीदें जगी थीं। कहा गया था कि अब आखिरकार ज्यादातर मध्य वर्ग के खरीदारों को बिल्डरों की तिकड़मों से मुक्ति मिलेगी। मगर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में जो जाहिर हुआ और उस पर न्यायमूर्तियों ने जो टिप्पणियां कीं, वे सबूत हैं कि रेरा मकान खरीदारों को तनिक भी राहत नहीं दिला पाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के लाचार मकान खरीदारों' से फिरौती वसूली जा रही है। कोर्ट ने जो सवाल पूछे हैं, उनमें एक यह भी है कि खरीदारों को रेरा से क्या राहत मिली है? हालांकि कोर्ट में सुनवाई एनसीआर से जुड़े मामलों की हो रही थी, लेकिन अंदाजा लगाया जा सकता है कि जो हाल यहां है, बाकी जगहों के खरीदारों की स्थिति उससे बेहतर नहीं होगी। इसलिए सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का संदर्भ बड़ा है। कोर्ट ने सीबीआई से कहा है कि वह बिल्डर- बैंक मिलीभगत की पूरी जांच करे। जजों ने इसके लिए विशेष जांच दल बनाने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि बिल्डरों और खरीदारों को कर्ज देने वाले बैंकों ने मिल कर खरीदारों के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं। इनकी वजह से आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने में देर हुई है। कोर्ट ने खास चिंता उन मामलों पर जताई, जिनमें रियल एस्टेट कंपनियों ने दिवालिया प्रक्रिया शुरू कर दी है। मामला हजारों मकान खरीदारों की याचिका से कोर्ट के सामने आया है। इसमें ध्यान दिलाया गया है कि बैंक ऋण की रकम का भुगतान सीधे बिल्डरों को करते हैं। तब बताया जाता है कि फ्लैट सौंपे जाने तक ईएमआई बिल्डर चुकाएंगे। मगर बिल्डर ईएमआई पर डिफॉल्ट करने लगते हैं और तब त्रिपक्षीय करार के मुताबिक बैंक खरीदारों से ईएमआई वसूलने लगते हैं। खरीदारों की पीड़ा पर दो जजों की बेंच ने गहरी नाराजगी जताई। कहा कि वे इस घपले की सीबीआई जांच का आदेश देंगे। यह स्वागतयोग्य हस्तक्षेप है।

आलेख

राजनीतिज्ञों की साफगोई से फीबी कल्चर पर नई राजनीतिक बहस

रंजन श्रीवास्तव

दो मंत्रियों के बयानों ने कम से कम मध्य प्रदेश में फ्रीबी कल्चर पर एक नई राजनीतिक बहस को जन्म दे दिया है। केंद्रीय कृषि मंत्री और मध्य प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लगभग एक हफ्ते पूर्व भोपाल में वन नेशन वन इलेक्शन विषय पर बोलते हुए कहा कि बार बार चुनाव के कारण कई बार वोट दिलाऊ फैसले लेने पड़ते हैं कि यह भी दे दो, वह भी दे दो। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि बार बार चुनाव होने से वोटों के डर से कई बार ऐसे फैसले भी प्रभावित होते हैं जो बच्चों का भविष्य बना सकते हैं और प्रदेश और देश का विकास कर सकते हैं। जाहिर है केंद्रीय मंत्री का इशारा फ्रीबी कल्चर की तरफ था। इसी तरह अपने बेबाक बयानों के लिए जाने जाने वाले मध्य प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल के द्वारा दिए गए एक बयान ने भी समाज में फ्रीबी कल्चर पर सवाल उठाया है। प्रह्लाद सिंह पटेल कुछ दिनों पूर्व राजगढ़ में रानी अवंतीबाई लोधी के प्रतिमा अनावरण के बाद एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जब भी नेता आते हैं उन्हें याचिकाओं की एक टोकरी सौंपी जाती है। उन्होंने कहा कि मांगने की आदत के बजाय लोगों में देने की मनोवृति विकसित करनी चाहिए। मुफ्त उपहारों पर अधिक निर्भरता समाज को मजबूत बनाने की बजाय कमजोर बनाती है। लोगों को भीख मांगने की आदत पड़ गयी है। उल्लेखनीय है कि जुलाई 2022 में उत्तर प्रदेश के जालौन जिले में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के वक्त प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रीबी कल्चर पर जोरदार हमला किया और कहा कि रेवड़ी कल्चर के लोग यह सोचते हैं कि जनता को फ्री की रेवड़ी देकर वो उन्हें खरीद सकते है। उन्होंने जनता का आवाहन करते हुए कहा कि सबको मिलकर इस रेवड़ी कल्चर के मानसिकता को पराजित करना है और देश की राजनीति से इस कल्चर को हटाना है। 2023 में कर्नाटक विधान सभा चुनाव के वक्त भी प्रधान मंत्री ने रेवड़ी कल्चर पर हमला किया क्योंकि तब उस समय विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस ने लोगों को 5 गारंटी देने की बात कही जिसमें से एक गारंटी 21 से 65 वर्ष के महिलाओं को प्रतिमाह 1500 रूपये देने का था। रोचक यह है कि इसके पहले कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस चुनावों से पहले कर्नाटक के तर्ज पर 5 गारंटी लांच करती तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहना योजना लागू करके 21 वर्ष से ऊपर की महिलाओं को 1250 रूपये प्रतिमाह से शुरुआत करते हुए 3000 रूपये प्रतिमाह की घोषणा कर दी। भाजपा को पहले से ज्यादा सीटें चुनाव में मिलीं। दिल्ली विधान सभा चुनाव के समय आम आदमी पार्टी को पराजित करने के लिए भाजपा ने 2500 रुपए प्रतिमाह महिलाओं को देने का वादा किया जो कि आम आदमी पार्टी की घोषित धनराशि से 400 रूपये प्रतिमाह ज्यादा है। भाजपा की केंद्र सरकार स्वयं किसानो को प्रधान मंत्री सम्मान निधि के नाम पर 2000 रूपये प्रति तीन माह पर देती है। जब देश के प्रधान मंत्री स्वयं और देश की जनता का एक वर्ग खासकर माध्यम वर्ग चाहता है कि फ्रीबी कल्चर पर रोक लगाई जाय केंद्रीय मंत्री चौहान और मध्य प्रदेश के मंत्री पटेल के बयान एक स्वस्थ बहस की जरूरत की तरफ इशारा कर रहे हैं कि क्या फ्रीबी कल्चर देश के लिए अच्छा है या बुरा। देश के एक वर्ग का मानना है कि फ्रीबी कल्चर से देश की श्रम शक्ति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और राजनीतिक दल समाज की आर्थिक स्थिति को ठीक करने के लिए ठोस उपाय अपनाने की जगह फ्रीबी कल्चर को एक शॉर्टकट की तरह प्रयोग में ला रहे हैं। अगर स्वयं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान फ्रीबी कल्चर पर खुल कर बोल रहे हैं तो क्या ये अच्छा नहीं होगा कि भाजपा जिसकी सरकार केंद्र में भी है और कई राज्यों में भी इस कल्चर को खत्म करने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाए और इसका समाधान निकालने की कोशिश करे। प्रह्लाद सिंह पटेल का कहना है कि उन्होंने जो बयान दिया वह एक सामाजिक कार्यक्रम था और समाज के लोगों को स्वावलम्बी बनाने के लिए उनके आह्वान को विपक्ष और मीडिया ने गलत सन्दर्भों में दिखाया है। पटेल लोध समुदाय से आते हैं और समारोह भी रानी अवंतीबाई लोधी के प्रतिमा अनावरण से सम्बंधित था। जाहिर है कि इस समारोह में लोध समुदाय से भारी संख्या में लोग उपस्थित थे। विपक्ष पटेल पर हमलावर है और उसका कहना है कि पटेल ने जनता को भिखारी बोलकर उनका अपमान किया है।

भारत के आर्थिक विकास में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की भूमिका

लव कुमार मिश्रा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने देश भर में कोयला, बिजली, सीमेंट और स्टील जैसे प्रमुख संसाधनों की

आवाजाही को सुगम बनाकर भारत की आर्थिक समृद्धि को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । 2003 में अपनी स्थापना के बाद से, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने बिलासपुर में इस क्षेत्र का उद्घाटन किया था, तब से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे माल और यात्री दोनों की आवाजाही को बेहतर बनाने में एक महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभरा है । बिलासपुर में मुख्यालय वाला दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और ओडिशा जैसे खनिज समृद्ध राज्यों में परिचालन करता है । यह केंद्रीय रूप से स्थित क्षेत्र कोयले के परिवहन के लिए महत्वपूर्ण है, जो इसके तत्काल भौगोलिक क्षेत्र से परे थर्मल पावर प्लांट और उद्योगों का समर्थन करता है । आवश्यक संसाधनों का निरंतर प्रवाह सुनिश्चित करके इस रेल्वे ने औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया है । हाल के वर्षों में, भारत के तेजी से बुनियादी ढांचे के विकास और बिजली, सीमेंट, कोयला और इस्पात क्षेत्रों के विस्तार ने कच्चे माल के परिवहन की मांग को बढ़ा दिया है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने कोयले और अन्य खनिजों की आवाजाही का सफ्लतापूर्वक प्रबंधन करते हुए इस मांग को प्रभावी ढंग से पूरा किया है । यह देश की आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने में सहायक रहा है । इस उपलब्धि के बावजूद, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे अपने बुनियादी ढांचे का विस्तार करने और खनिज परिवहन क्षमता, विशेष रूप से कोयला में सुधार करने के लिए नए रास्ते तलाशना जारी रखता है । भारी माल ढुलाई के साथ-साथ यात्री यातायात में लगातार 5त्न की वृद्धि को प्रबंधित करने की चुनौती के बावजूद, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लिए यात्री सेवाएँ भी प्राथमिकता बनी हुई हैं । यात्रियों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए त्यौहारों के मौसम में विशेष ट्रेनें चलाई जाती हैं और मौजूदा ट्रेनों में अक्सर अतिरिक्त कोच जोड़े जाते हैं । निर्बाध यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए समय की पाबंदी में सुधार के प्रयास भी किए जा रहे हैं । अपने बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे सक्रिय रूप से अमृत भारत स्टेशन योजना को लागू कर रहा है, जिसका उद्देश्य यात्री सुविधाओं और परिचालन दक्षता को बढ़ाने के लिए प्रमुख स्टेशनों का पुनर्विकास करना है । इस पहल के तहत बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग जैसे प्रमुख स्टेशनों का व्यापक पुनर्विकास किया जा रहा है । बिलासपुर स्टेशन के परिवर्तन पर 392 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है, जिसमें बेहतर प्रवेश बिंदु, स्थानीय कला को एकीकृत करने वाली विरासत से प्रेरित वास्तुकला और सौर पैनल और वर्षा जल संचयन जैसी टिकाऊ सुविधाएँ शामिल हैं । स्टेशन पर 26 लिफ्ट और 26 एस्केलेटर होंगे, जिससे पहुंच में काफी सुधार होगा । ?463 करोड़ के बजट के साथ रायपुर स्टेशन का पुनर्विकास, भविष्य की मेट्रो कनेक्टिविटी और बेहतर बस स्टेशन पहुंच के लिए प्रावधानों को एकीकृत करता है । विस्तारित पार्किंग सुविधाएं और दिव्यांगों के अनुकूल सुविधाएं पुनर्निर्मित स्टेशन की मुख्य विशेषताएं हैं । ?441 करोड़ की लागत से अपग्रेड किए जाने वाले दुर्ग स्टेशन में हेरिटेज थीम वाली डिजाइन, आधुनिक सुविधाएं और ग्रीन बिल्डिंग सर्टिफिक्रेशन की सुविधा होगी । इसका विस्तारित लेआउट यात्रियों के लिए अधिक सुविधा सुनिश्चित करेगा । इन प्रमुख केंद्रों के अलावा , दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ?567 करोड़ के बजट से 46 अतिरिक्त स्टेशनों का आधुनिकीकरण कर रहा है । रायगढ़, कोरबा, अंबिकापुर, भिलाई नगर, राजनांदगांव, गोंदिया और छिंदवाड़ा जैसे प्रमुख स्टेशन इस पहल का हिस्सा हैं । अमृत भारत स्टेशन योजना यात्रियों के अनुभव को बदलने का वादा करती है, जिसमें आधुनिक प्रतीक्षा क्षेत्र, सीसीटीवी कवरेज के साथ बढ़ी हुई सुरक्षा और बेहतर स्वच्छता सुविधाएं शामिल हैं । स्थायी प्रथाओं को अपनाने और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा देने के ज़रिए, यह योजना प्रगति और दक्षता के प्रतीक के रूप में भारतीय रेलवे की भूमिका को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार है । *(लेखक लव कुमार मिश्रा एक वरिष्ठ पत्रकार हैं और इससे पहले रायपुर में द टाइम्स ऑफ़ इंडिया के साथ काम कर चुके हैं, जब दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का गठन हुआ था)

विकसित भारत-ऊर्जा समृद्ध छत्तीसगढ़ की भूमिका....

विकास शर्मा-प्रकाशन अधिकारी

छत्तीसगढ़ के लिए दस मार्च का दिन बड़ा

ऐतिहासिक रहा। यह दिन राज्य के भविष्य के विकास को नई दिशा देने वाला है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में एनर्जी इन्वेस्टर्स समिट के दौरान ऊर्जा क्षेत्र में तीन लाख करोड़ रूपए से अधिक के निवेश के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौते प्रदेश के विकास का रोडमैप भी तय कर रहे हैं। आने वाले एक दशक में प्रदेश में 31 हजार मेगावॉट अतिरिक्त बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने ठीक ही कहा कि छत्तीसगढ़ को प्रकृति ने जो वरदान दिया है कि उसका सार्थक उपयोग प्रदेश और देश के विकास में होना चाहिए।

विकसित भारत और ऊर्जा की मांग- भारत सरकार ने विकसित भारत की जो संकल्पना की है उसमें ऊर्जा क्षेत्र की सबसे अहम भूमिका होगी और ऐसे में अगले तीन दशक की ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति करना व्यापक कार्ययोजना से ही संभव है। 20 वें विद्युत सर्वेक्षण में अनुमान है कि विद्युत की खपत अगले दस वर्षों तक लगभग 6 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी और वर्ष 2047 में हमारी अधिकतम मांग 750 गीगावॉट तक जा पहुंचेगी। ऐसे में मिशन मोड पर विद्युत ऊर्जा उत्पादन की आवश्यता होगी। ताप विद्युत उत्पादन की सीमाओं को समझते हुए तथा शून्य कार्बन उत्सर्जन के लिए वर्ष 2070 के लक्ष्य के बीच नवीकरणीय ऊर्जा समेत अन्य विकल्पों पर देशभर में तेजी से काम किया जा रहा है। ऊर्जा उत्पादन की संभावनाओं के बीच देश की निगाह छत्तीसगढ़ की ओर टिकी हुई है। वर्तमान में प्रदेश में राज्य, केन्द्र एवं निजी क्षेत्र के उत्पादकों के प्रयासों से 30 हजार मेगावॉट विद्युत उत्पादन क्षमता प्राप्त कर ली गई है। प्रदेश में ऊर्जा उत्पादन की नई पारी में ताप के साथ नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र का महत्व बढ़ा है।

केन्द्र और निजी क्षेत्र की बढ़ती साझेदारी- राज्य की स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी (सीएसपीजीसीएल) , सार्वजिक क्षेत्र की विद्युत उत्पादक नेशनल थर्मल पॉवर कार्पोरेशन (एनटीपीसी) , टिहरी हाइडल पॉवर डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन(टीएचडीसी), सतलज जल विद्युत निगम लि.(एसजेवीएन) सहित निजी क्षेत्र की अडानी पॉवर लिमिटेड एवं अन्य बड़े निवेशकों ने ताप समेत पन बिजली के क्षेत्र में 17 हजार मेगावॉट विद्युत उत्पादन के लिए समझौता किया है। इसके लिए होने वाले निवेश से प्रदेश को समग्र विकास का आधार मिलेगा। ऊर्जा उत्पादन इकाइयों के आने से औद्योगीकरण की संभावनाएं बढ़ती हैं और प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से हजारों युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी मिलते हैं।

परमाणु ऊर्जा के लिए खुलेंगे द्वार-देश में लगभग डेढ़ दशक पहले सरायपाली के पास यूरेनियम भंडार की खोज की गई थी और उसके बाद से ही यहाँ परमाणु ऊर्जा उत्पादन की संभावनाओं पर विचार किया जा रहा था । एनटीपीसी ने एक बड़ा निवेश प्रदेश में परमाणु ऊर्जा उत्पादन के लिए करने का निर्णय लिया है और इसमें वो 4200 मेगावॉट विद्युत उत्पादन करने की दिशा में बढ़ रहे हैं। यह प्रदेश में पहली परमाणु विद्युत उत्पादन इकाई होगी।

सस्ता और टिकाऊ विकल्प है हरित ऊर्जा- अगले दस वर्षों में नवीकरणीय ऊर्जा से विद्युत उत्पादन क्षमता को बढ़ाकर 600 गीगावॉट करने की दिशा में काम शुरू कर दिया गया है। गैर- जीवाश्म ईंधन के तौर पर सौर ऊर्जा,पन बिजली, पवन ऊर्जा जैसे क्षेत्रों पर जोर दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त बैटरी ऊर्जा स्टोरेज, स्वदेश में विकसित सरफेस हाइड्रो काइनेटिक टरबाइन प्रौद्योगिकी को भी मान्यता दी गई है। इसके साथ ही इन ऊर्जा स्रोतों में भी नए प्रयोग किए जा रहे हैं जो अंतत: विद्युत मांग की पूर्ति पर्यावरण को क्षति पहुँचाए बिना कर सके।

पीक डिमांग से निपटने पम्प स्टोरेज है कारगर- ताप विदयुत संयंत्रों में तत्काल विद्युत उत्पादन को कम और ज्यादा नहीं किया जा सकता है ऐसे में विदयुत को संधारित कर आवश्यकता अनुसार उपयोग करने के लिए बैटरी स्टोरेज और पंप स्टोरेज जैसे विकल्प अधिक कारगर हैं। अनुमान के मुताबिक देश में पंप स्टोरेज तकनीक के जरिए 134 गीगावॉट विद्युत उत्पादन की क्षमता है, इसमें से पहले चरण में 2030 तक 39 गीगावॉट उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस कड़ी में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की भागीदारी से राज्य में 6400 मेगावॉट विद्युत उत्पादन क्षमता विकसित करने के लिए समझौतों पर हस्ताक्षर कर राज्य ने एक ठोस पहल कर दी है। अगले एक दशक के अंदर प्रदेश में कुल उत्पादन क्षमता का 30 फीसदी नवीकरणीय ऊर्जा से प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। सौर ऊर्जा सबसे सुलभ विदयुत विकल्प है। ऐसे में इसे बड़े उत्पादन संयंत्रों तक सीमित न रखकर आम उपभोक्ता को विदयुत उत्पादक बनाने की योजना पर काम चल रहा है। महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को और अधिक आकर्षक बनाते हुए केन्द्र के साथ राज्य सरकार भी अब वित्तीय मदद पहुँचाकर विद्युत उत्पादन में आम लोगों की भूमिका बढ़ाना चाह रही है।

पारेषण और वितरण प्रणाली होंगी मजबूत- उत्पादित बिजली का समुचित पारेषण और वितरण सुनिश्चित करने के लिए पारेषण और वितरण क्षेत्र में भी राज्य बड़ा निवेश करने जा रही है। असल में पारेषण प्रणाली की मजबूती के बगैर विद्युत मांग की आपूर्ति का दबाव नहीं थामा जा सकता है। प्रदेश में आज 14 हजार 249 सर्किट किलोमीटर की अतिऊच्चदाब लाईने हैं जिसकी क्षमता 25 हजार 617 एमव्हीए है। छत्तीसगढ़ में 1700 मेगावॉट अंतर राज्यीय ट्रांसमिशन सिस्टम नेटवर्क के विकास की स्वीकृति केन्द्र से प्राप्त हुई है जिससे हमारे ताप विद्युत की निकासी को सुगम बनाया जाएगा। 400 केव्ही के 09, 220 केव्ही के 26 तथा 132 केव्ही के 48 नए उपकेन्द्र अगले दस वर्षों में बनाया जाना है।आज ऊर्जा के ऐसे विकल्प पर पूरा विश्व कार्य कर रहा है जिसमें वहनीयता (सस्टेनेबलिटी),विश्वसनीयता के साथ पर्याप्तता और स्थिरता हो। ऊर्जा क्षेत्र के लिए लगभग तीन लाख करोड़ रूपए का निवेश राज्य के वर्तमान और भविष्य दोनों को प्रभावित करने वाला है। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन से हरित ऊर्जा के क्षेत्र में भी एक बड़े उत्पादक के रूप में छत्तीसगढ़ की पहचान होगी और ऊर्जा क्षेत्र में राज्य की आत्मनिर्भरता आने वाले दिनों में समृद्धि का आधार बनेगी।

दिल्ली से गिरनार जी 1500 कि.मी. लम्बी धर्म पदयात्रा 23 मार्च से
तीर्थ क्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जंबू प्रसाद जैन से मिला विश्व जैन संगठन

नई दिल्ली (विश्व परिवार)। प्रथम जैन तीर्थंकर श्री आदिनाथ भगवान के जन्म तप कल्याणक के अवसर पर बलबीर नगर, दिल्ली से 23 मार्च को प्रात: 8 बजे गिरनार जी (गुजरात) के लिए विश्व जैन संगठन के संयोजन में आरंभ होने वाली समस्त जैन समाज की धर्म पद यात्रा के लिए विश्वास नगर, दिल्ली में श्री दीपक जैन डेक वालों के निवास पर 9 मार्च 2025 को रात्रि 8 बजे एक विशेष बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री संजय जैन ने धर्म पद यात्रा के उद्देश्यों और देश के विभिन्न क्षेत्रों में विराजमान पूज्य संतों द्वारा पद यात्रा के लिए दिए गए मार्गदर्शन से अवगत कराया और सभी से पद यात्रा में सहयोग व मार्गदर्शन के लिए निवेदन किया।

संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष यश जैन ने बताया कि बैठक में गाजियाबाद से विशेष रूप से उपस्थित भारतवर्षीय दिगंबर जैन तीर्थ क्षेत्र कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जंबू प्रसाद जैन जी, गुड़गांव से श्री अशोक जैन वर्धमान परिवार ट्रस्ट, जैनम फाउंडेशन के श्री सतेंद्र जैन एडवोकेट, अतुल जैन यमुना विहार और श्री महेश जैन बंगलुरू को पद यात्रा में सहयोग और मार्गदर्शन हेतु निवेदन पत्र सौंपा गया और सभी ने पूर्ण सहयोग के लिए आश्वस्त किया।

सभा में उपस्थित श्री शरद जैन जी, सांध्य महालक्ष्मी चैनल ने सार्वजनिक मंचों से भड़काऊ बयानबाजी पर रोक लगाने को आवश्यक बताते हुए धर्म पद यात्रा की सफलता के लिए आवश्यक सुझाव दिए।

श्री दीपक जैन ने बताया कि शिखर जी और अन्य तीर्थों के लिए विशाल जैन यात्राओं का संचालन करने वाले आदिनाथ चैनल के डायरेक्टर श्री पवन गोधा जी जैन से शक्ति नगर स्थित उनके निवास पर संगठन के पदाधिकारियों ने धर्म पद यात्रा के सफल आयोजन के लिए चर्चा कर निवेदन पत्र दिया। श्री गोधा जी ने पद यात्रा में पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए सुझाव दिए और आदिनाथ चैनल पर धर्म पद यात्रा के प्रसारण के लिए आश्वस्त किया। -**आकाश जैन**

इस संसार में क्या क्या प्राप्त करने योग्य होता है इसको जानने जरूरी है : मुनिश्री

मुनिश्री ने अशोक नगर के लिए विहार पंचायत कमेटी श्रीफल भेंट किए

अशोक नगर (विश्व परिवार)। इस संसार में क्या क्या प्राप्त करने योग्य है ये जानना बहुत जरूरी है जव तक आप जानेंगे नहीं तव तक समझ कैसे सकते हैं वचपन में आपका मन खेल खिलौने में लगता है वाल अवस्था में मित्रों के साथ रम जाते हैं युवा आवस्था विषय भोगों में कव निकल जाती है पता ही नहीं चलता पोड़ अवस्था के समय का भी आपने सही उपयोग कर लिया तो जीवन में कुछ उपलब्धी हासिल कर सकते हैं हमे विचार करना है कि हम अन्य जनों के हृदय में हमारी छवि एक व्यक्ति की वनी रहें ये हम जव सोचते हैं जव हम पोंड अवस्था को प्राप्त हो जाते हैं।

मुनिश्री का होगा पिपरई रोड से नगर प्रवेश- जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने बताया कि पिपरई में विराजमान मुनिश्री सुब्रत सागर जी महाराज को जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद संयोजक उमेश सिघई मंत्री विजय धुर्रा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने आज दोपहर पिपरई पहुंच कर मुनिश्री को श्री फल भेंट किए एक अशोक नगर पधार ने का निवेदन करते हुए अध्यक्ष राकेश कासंल ने कहा कि मुनि श्री पिपरई से अशोक नगर की दूरी तीस किलोमीटर दूर पर स्थित है जहां सभी भक्त आप की प्रतीक्षा कर रहे हैं नगर में परम पूज्य अविचल सागर जी महाराज ससंघ विराज मान है आपका भी सान्निध्य मिले वाद में मुनिश्री ने अशोक नगर की ओर विहार कर मुनिश्री का बुधवार को प्रात: काल की वेला में पिपरई रोड से नगर प्रवेश होगा

इस संसार में हम कभी तृप्त नहीं हो सकते- मुनि श्री ने कहा कि इस संसार में हम कभी तृप्त हो कर नहीं रह सकते ना ही मरे जीवन में ऐसे ही अतृप्ता में ये जीवन वीता जा रहा है मन के लड्डू मन में ही फोड़ लेते हैं थोड़ा बहुत वैभव भोग भोगे किसको दिखा रहे हैं ये शरीर रोगों से मुक्ति नहीं है कुछ ना कुछ लगा है हम सब को बताते नहीं है इस सांसारिक प्राणी को आकुल व्याकुल होने को नहीं कहा था प्रभु खुद कहते हैं कि इस अकुट धन सम्पत्ति को पाना चाहते हों तो उनके पीछे मत भागो जो बुद्धि शक्ति है उसको वस यश प्राप्त करना है। -**विजय धुर्रा**

संक्षिप्त समाचार

संस्था 2050 हेल्थकेयर ने हेल्थ सेमिनार के साथ मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

रायपुर (विश्व परिवार)। संस्था 2050 हेल्थकेयर ने अपने अग्रोहा कॉलोनी, रायपुरा स्थित केंद्र पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का केक काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर संस्था के द्वारा एक हेल्थ सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें योग विशेषज्ञ डॉक्टर रश्मि अकोलेकर ने योगा फॉर वुमेन हेल्थ विषय पर आवश्यक टिप्स दिये। वहीं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर माधवी वर्मा के द्वारा महिला स्वास्थ्य अवेयरनेस संबंधी आवश्यक जानकारी दी गई। आज नंदनवन स्थित वृद्धाश्रम के बुजुर्गों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। संस्था के मैनेजर अरिहंत जैन ने बताया कि 2050 हेल्थकेयर विगत 4 वर्षों से छत्तीसगढ़ प्रांत में रिहैबिलिटेशन सेंटर एवं होम हेल्थ केयर के द्वारा स्ट्रोक, कैंसर, ऑर्थोपेडिक एवं अन्य रोगियों को उत्कृष्ट सेवायें प्रदान करती आ रही है। कार्यक्रम में संस्था के सी.बी.ओ. प्रशांत मोहंती, वाइस प्रेसिडेंट सृजनी बिश्वास, अभिजीत अकोलेकर, वरिष्ठ डॉक्टर्स, नर्सेज एवं फिजियोथेरेपिस्टस की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। -**अरिहंत जैन**

पूर्व केन्द्रीय मंत्री के निज सहायक अजय पनिकर के स्वास्थ्य हालात में सुधार

रायपुर (विश्व परिवार)। पूर्व केन्द्रीय मंत्री के निज सहायक एवं पूर्व विधानसभा प्रतिनिधि रहे संघ प्रचारक एवं भाजपा सदस्य अजय पनिकर के स्वास्थ्य हालात में सुधार हुआ है, वे हाल ही में मस्तिश्क आघात के चलते स्थानीय नवकार हॉस्पिटल में भर्ती हुए थे। छात्र जीवन से संघ से जुड़ कर कार्य करते हुए अजय भाजपा कार्यकर्ता के रूप में लगातार अपनी सेवा दे रहे हैं। समाज उत्थान के लिए समर्पित अजय हमेशा जनता एवं समाज सेवा के प्रति तत्पर रहे हैं, जिन्हें हाल ही में अचानक मस्तिश्क आघात लगने से उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती किया गया था। फिलहाल वे स्वस्थ हैं और हॉस्पिटल में स्वास्थ्य सेवा लाभ ले रहे हैं।

श्रीमती के. पेन्नम्मा का निधन, अंतिम संस्कार 12 मार्च को

रायपुर (विश्व परिवार)। तिलक नगर, एल आई जी. 24, रायपुर निवासी श्रीमती के. पेन्नम्मा (89वर्ष) का दिनांक 09 मार्च रविवार को निधन हो गया है, उनका अंतिम संस्कार दिनांक 12 मार्च बुधवार को सुबह 9.00 बजे निवास स्थान पर प्रार्थना के बाद 10.40 बजे हीरापुर जरवाय कब्रिस्तान रायपुर में किया जायेगा। वे ऐ.बी. कोशी, रेजू कोशी, रोसम्मा जोसफ, जूली की माताजी थीं। मो. 9827971124 (थॉमस मैथ्यू)।



राम की तरह अमर होना हो, तो रावन की तरह व्यवहार छोड़ दें : श्रुत संवेगी श्रमण आदित्यसागर जी महाराज

इंदौर (विश्व परिवार)। जयदु जिणिंदो महावीरों। श्री विशुद्धकुल गौरव, आध्यात्मिक महाद्युति, श्रुतसंवेगी श्रमण श्री 108 आदित्यसागर जी महाराज, श्रुतप्रिय श्रमण श्री 108 अप्रमितसागर जी महाराज, अशोकनगर गौरव सहजानंदी श्रमण श्री 108 सहजसागर जी महाराज एवं क्षुल्लक श्री 105 श्रेयससागर जी महाराज इंदोर में विराजमान है। मुनीत्रय की चरण धूलि से पावन हो रही है, इंदोर की वसुधा। नित्यम आदित्यम आनंदम।

श्रुत संवेगी श्रमण आदित्य सागर महाराज जी ने इंदोर में कहा कि अपने व्यक्तित्व में मौन और मुस्कुराहट दोनों का प्रयोग करें। मौन आपका रक्षाकवच है। मुस्कुराहट स्वागत द्वार है। सही बात है- समय पर मौन और मुस्कुराहट आपके लिये परम- औषधी है। बुरा व्यवहार आपकी बुरी संगत और बुरी सोच की उपज है। हमेशा अपना व्यवहार अच्छा और अपना लक्ष्य बडा रखें7 सही बात है राम की तरह अमर होना हो, तो रावन की तरह व्यवहार छोड दें। जिसका नजरिया सही होता है उसे हर चीज सही लगती है। इसलिये चिजों या लोगों को बदलने की अपेक्षा अपना नजरिया बदलने का प्रयास करें। सही बात है- गंदगी देखने वालों की नजरों में है, वरना कचरा उठानेवाले को उसमें भी रोटी ही दिखती है। मुनि श्री आदित्य सागर महाराज जी के निर्देशन में आचार्य श्री विशुद्धसागरजी महाराज का पट्टाचार्य महा महोत्सव 25 अप्रैल 2025 में 2 मई 2025 तक सुमतिधाम इंदोर में संपन्न होनेवाला है। नमोस्तु शासन जयवंत हो। -**अभिषेक अशोक पाटील**

आत्म उद्धारक है नवकार- समणी कमलप्रज्ञा

रायपुर (विश्व परिवार)। नवकार जाप ग्रुप द्वारा प्रत्येक माह के द्वितीय रविवार को सकल जैन समाज की सभी परम्पराओं में एक रुपेण मान्य नवकार महामंत्र के जाप का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में दिनांक 09 मार्च 2025, रविवार को 15 वें नवकार जाप का आयोजन रायपुर छोटापारा स्थित सुराना भवन में श्री साधुमार्गी जैन संघ के संयुक्त तत्वावधान में आचार्य श्री महाश्रमण जी की सुशिष्या समणी निर्देशिका कमलप्रज्ञा जी, समणी करुणाप्रज्ञा जी, समणी सुमनप्रज्ञा जी के सान्निध्य में किया गया। जिसमें सकल जैन समाज के श्रावक-श्राविकाओं की सहभागिता रही।

नवकार जाप के पूर्व धर्म सभा को मार्गदर्शित करते हुए समणी कमलप्रज्ञा जी ने कहा कि नवकार का जाप हमें स्थिरता प्रदान करने वाला है। एकाग्र चित्त होकर यदि हम नवकार मंत्र का जाप करते हैं तो हम जीवन-मरण के चक्र से अपनी आत्मा को मुक्त करने के मार्ग की ओर बढ़ते हुए आत्मकल्याण पथ की ओर अग्रसर हो सकते हैं। समणी सुमनप्रज्ञा जी ने प्रेरणादायक गीतिका %महामंत्र नवकार तोड़े बंधन हमारा.....% का संगान करते हुए उपस्थित जप आराधकों को इससे जोड़ते हुए प्रेरणा प्रदान की। नवकार जाप में विशेष रूप से उपस्थित नगर निगम रायपुर की नवनिर्वाचित जैन समाज की पार्षद महोदया सर्वश्री श्रीमती कृतिका जैन जी व श्रीमती अंजलि गोलछा जी का अभिनंदन भी नवकार जाप ग्रुप द्वारा किया गया। नवकार जाप में विशेष रूप से आशीष जैन, उदयराज पारख, गौतम गोलछा, नवरतन डागा, पकंज बैद, गौरव दुगड़, ऋषभ बोथरा, अंकित गोलछा, वीरेंद्र डागा, रिशव जैन, निकुंज साचला, निर्मल गांधी, किशोर खाटेड़, अभय गोलछा, संजय सिंघी, विकास बरलोटा आदि उपस्थित रहे। -**वीरेंद्र डागा**

एनआईटी रायपुर में फाउंडेशन ऑफ साइबर फिजिकल सिस्टम पर आधारित 45 दिवसीय ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स का हुआ समापन

रायपुर (विश्व परिवार)। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (NIT) रायपुर के कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग (CSE) ने 7 मार्च 2025 को एक समापन समारोह के साथ फाउंडेशन ऑफ साइबर फिजिकल सिस्टम पर 45 दिवसीय ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स का सफलतापूर्वक समापन किया। 22 जनवरी से 7 मार्च 2025 तक आयोजित प्रमाणन पाठ्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को डेटा विज्ञान और वास्तविक दुनिया की चुनौतियों को हल करने में इसके व्यावहारिक एप्लीकेशन की व्यापक समझ से लैस करना था। समापन समारोह में मुख्य अतिथि, कंटीन्यूइंग एजुकेशन सेल के अध्यक्ष प्रोफेसर सुभोजित घोष और विशिष्ट अतिथि, छ्रस्श्व के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप सिंह की उपस्थिति रही। कार्यशाला का समन्वयन छ्रस्श्व के सहायक प्रोफेसर डॉ. मनु वर्धन, डॉ. नितेश के भारद्वाज और डॉ. मधुकृष्ण प्रियदर्शिनी ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, प्रो. सुभोजित घोष ने साइबर फिजिकल सिस्टम के महत्व को प्रमुख और सबसे जटिल तकनीकी डोमेन होने की बात की। उन्होंने बताया कि कैसे स्वायत्त वाहनों और परमाणु रिएक्टर संयंत्रों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सीपीएस का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है, जिससे यह समझना आवश्यक हो जाता है कि हमले कैसे होते हैं और उनका पता कैसे लगाया जा सकता है।

भव्य शोभायात्रा के साथ आचार्य श्री के चरणों की हुई स्थापना

दमोह (विश्व परिवार)। विश्व वंदनीय महासमाधिसम्राट, युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के पावन चरण चिन्ह विद्यानिधि आचार्य श्री समयसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से एक भव्य समारोह के साथ नसिया दिगंबर जैन मंदिर दमोह में निर्मित आकर्षक भव्य वेदी पर स्थापित करने का सौभाग्य कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष चंद्रकुमार सराफ के परिवार को प्राप्त हुआ।इस अवसर पर ललित सराफ, प्रदीप सराफ, अशोक सराफ, अभय बनगांव आदि को आचार्य श्री चरणों का अभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पंडित अभिषेक जैन के निर्देशन में चरणों के अभिषेक आरती के उपरांत आचार्य श्री की मंगलमय पूजन आचार्य छत्तीसी विधान संपन्न किया गया।इसके पूर्व नन्हे मंदिर से गुरुचरण स्थापना महोत्सव भव्य आकर्षक शोभायात्रा प्रारंभ हुई जो घंटाघर, राय चौराहा होते हुए नसिया मंदिर पहुंची। शोभा यात्रा में सबसे आगे रथ पर विराजमान श्रावक हाथों में धर्म ध्वज लेकर शोभा बढ़ा रहे थे।आचार्य श्री के चरण रथ में विराजमान थे। शोभायात्रा का जगह-जगह श्रावक स्वागत कर आरती उतार रहे थे। विभिन्न महिला मंडल मंगल कलश लेकर शोभायात्रा में सम्मिलित थे। शोभायात्रा मार्ग को तोरण द्वारों से सुंदर सजाया गया था।सकल जैन समाज, जैन पंचायत दमोह का सहयोग रहा। चंद्रकुमार सराफ परिवार द्वारा सभी श्रद्धालुओं के सामूहिक भोज की व्यवस्था की गई। -**जय कुमार जैन**



बड़े बाबा की नगरी कुण्डलपुर की ओर आचार्य श्री समयसागर जी महाराज का मंगल विहार

कुंडलपुर दमोह (विश्व परिवार)। युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के प्रभावक शिष्य आचार्य श्री समय सागर जी महाराज का मंगल विहार श्री नेमीश्वर धाम विद्या ज्योतिर्मय तीर्थ क्षेत्र सतना से ससंघ (14 मुनिराज 9क्षुल्लक जी महाराज) का आज प्रात: मंगल विहार हुआ। आचार्य संघ की विहार दिशा संभावित पूज्य बड़े बाबा की नगरी कुण्डलपुर की ओर बताई जा रही है। आचार्य संघ की आहारचर्या डीएमडी रिसॉर्ट नागौद रोड सतना में संपन्न हुई।ज्ञात हो कि आचार्य श्री को कुण्डलपुर ससंघ पधारने का निवेदन 5 मार्च को कुण्डलपुर क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष चंद्र कुमार सराफ ने सतना जाकर श्रीफल अर्पित कर किया था। पुन: कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी के पदाधिकारी इंजी. आरके जैन, अजित कण्डया, अमर सेठ, विजय डायमंड आदि ने सतना पहुंचकर श्रीफल अर्पित कर निवेदन किया।आचार्य श्री ससंघ का सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर में मंगल पदार्पण हो, ग्रीष्म कालीन वाचना हो ऐसी मंगल भावना सकल दमोह जिला जैन समाज, कुंडलपुर क्षेत्र कमेटी एवं समस्त क्षेत्र वासियों की है।

एनएमडीसी ने महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

हैदराबाद (विश्व परिवार)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर, हाइबिज टीवीने 7 मार्च को हैदराबाद में छठे वुमेन लीडरशिप अवार्ड 2025 का आयोजन किया। समारोह में एनएमडीसी की नवनियुक्त निदेशक (कार्मिक) श्रीमती जी प्रियदर्शिनी को सरकारी सेवा श्रेणी के अंतर्गत नेतृत्व और गवर्नेंस में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह को गतिशील बनाते हुए, एनएमडीसी ने उसी दिन अपने प्रधान कार्यालय में एक मानसिक स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन किया। इस सत्र में अतिथि वक्ता के रूप में अपोलो अस्पताल, हैदराबाद की प्रसिद्ध नैदानिक मनोवैज्ञानिक डॉ. सी. मंजुला राव शामिल हुईं।वार्ता महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य और समग्र कल्याण पर केंद्रित थी, जिसमें सुदृढता और आत्म-सशक्तिकरण की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया। डॉ. राव ने अपने मूल्यवान विचार और विशेषज्ञता साझा करते हुए महिलाओं को अपने मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने और सकारात्मक मानसिकता विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

एनएमडीसी के निदेशक (वाणिज्य) श्री विश्वनाथ सुरेश ने सभा को संबोधित करते हुए जोर देकर कहा कि समावेश और विविधता केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि इसे आगे बढकर संगठन के ताने-बाने का एक अभिन्न अंग बनना चाहिए। एनएमडीसी ने अपनी पहली महिला निदेशक के साथ इतिहास रचा है। हमारी महिला कर्मचारी सभी बाधाओं को तोडते हुए आगे बढ रही हैं और खनन तथा उससे भी आगे बढकर नेतृत्व को एक नई परिभाषा दे रही हैं। उन्होंने समावेशिता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एनएमडीसी की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला, जहां सफलता के लिए वैविध्यपूर्ण दृष्टिकोणों और प्रतिभाओं को महत्व दिया जाता है।

डॉ. सी. मंजुला राव ने आत्मविश्वास और मानसिकता में बदलाव की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर दिया और कहा कि सशक्तिकरण मानसिकता में बदलाव के साथ शुरू होता है। जब महिलाएं आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान को अपनाती हैं, तो वे अपनी बात को शक्ति और स्पष्टता के साथ प्रस्तुत करती हैं। हमें अपने आत्मसम्मान को बढ़ाना चाहिए, और अधिक समावेशी और संतुलित समाज की दिशा में सार्थक कदम उठाने चाहिए। हमारे द्वारा आज लाए गए परिवर्तन भविष्य में महिलाओं की अगली पीढ़ी के लिए एक बेहतर विश्व का सृजन करते है। कार्यक्रम का समापन महिला कर्मचारियों के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए खेलों तथा भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ।

पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री रायपुर में आयोजित करेगा राष्ट्रीय आईपी यात्रा कार्यक्रम

रायपुर (विश्व परिवार)। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (PHDCCI) द्वारा, भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के विकास आयुक्त कार्यालय के सहयोग से, राष्ट्रीय आई पी यात्रा कार्यक्रम (2 दिवसीय कार्यशाला) का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यशाला 12 और 13 मार्च 2025 को होटल बैबिलोन इंटरनेशनल, वीआईपी रोड, रायपुर में प्रात: 10 से सायं 4 बजे तक आयोजित होगी। बौद्धिक संपदा (आईपी) केवल उत्पादों और प्रक्रियाओं में नवाचार को पहचानने और सुरक्षित करने में सहायक नहीं होती, बल्कि नवाचारों के ब्रांड निर्माण और विपणन में भी मदद करती है, जिससे बड़े पैमाने पर संपत्ति सृजन की संभावनाएँ उत्पन्न होती हैं। इस कार्यशाला का उद्देश्य देश में एक मजबूत आईपी पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना और छत्तीसगढ़ राज्य के एमएसएमई, स्टार्टअप्स तथा अन्य हितधारकों को अधिक आईपी आवेदन पंजीकृत करने और अपने नवाचारों व रचनात्मक विचारों की सुरक्षा के लिए प्रेरित करना है।

कृष्णा विकास समूह संस्थान, रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह

रायपुर (विश्व परिवार)। कृष्णा विकास समूह संस्थान (चङ्कत्नढ्ढ), रायपुर में 8 मार्च 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों को पहचानना और खेल तथा मनोरंजन गतिविधियों के क्षेत्र में लैंगिक समानता को बढ़ावा देना था। इस आयोजन में क्रिकेट, बास्केटबॉल और अन्य मनोरंजक खेलों में सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिससे यह दिन सभी प्रतिभागियों के लिए यादगार और रोमांचक बन गया।

उद्घाटन समारोह- इस कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन कृष्णा विकास समूह संस्थान, रायपुर के प्राचार्यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तित्व थे- डॉ. डी.एन. देवांगन, प्राचार्य, कृष्णा विकास प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर। डॉ. सीमा अग्रवाल, प्राचार्य, कृष्णा विकास उच्च शिक्षा संस्थान, रायपुर। डॉ. चंचल दीप कौर, प्राचार्य, कृष्णा विकास औषधीय विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान। डॉ. सुकन्या घोष, प्राचार्य, कृष्णा विकास ग्लोबल स्कूल, रायपुर। सभी प्राचार्यों ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए महिलाओं के सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला और खेल एवं मनोरंजक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उनके प्रेरणादायक शब्दों ने सभी उपस्थित लोगों को अपनी सीमाओं को तोड़ने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।

क्रिकेट टूर्नामेंट- इस अवसर पर महिला छात्रों और शिक्षण संकाय के बीच एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच आयोजित किया गया। इस मैच में अद्भुत खेल भावना, टीमवर्क और असीम उत्साह देखने को मिला। फाइनल मुकाबला कृष्णा देवास और केवी साइंस क्वींस के बीच खेला गया, जिसमें कृष्णा देवास ने जीत हासिल की। विजेता टीम को उनकी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पदक और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

बास्केटबॉल मैच- महिला दिवस के इस उत्सव में एक रोमांचक बास्केटबॉल मैच का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने अपने अद्भुत खेल कौशल, टीम भावना और न हार मानने वाले जज्बे का प्रदर्शन किया। यह मुकाबला मार्केटिंग टीम और केवीजीएस स्कूल के बीच खेला गया, जिसमें केवीजीएस स्कूल ने शानदार जीत दर्ज की। विजेता टीम को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पदक और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

इनडोर गेम्स और मनोरंजक गतिविधियाँ- बाहरी खेलों के बाद, विभिन्न इनडोर गेम्स और मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे पूरे दिन का उत्साह बना रहा। संगीत कुर्सी- इस खेल में जबरदस्त हंसी और उत्साह के बीच डॉ. सुकन्या घोष (प्राचार्य, केवीजीएस) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि डॉ. सीमा अग्रवाल (प्राचार्य, केडीसीआरएसटी) उपविजेता रहीं। स्नैचिंग गेम- इस रोमांचक खेल में फार्मेसी संकाय की लीलिमा बघेल ने अपनी त्वरित प्रतिक्रिया और दृढ़ संकल्प से जीत दर्ज की। रज्जु खींच- इस बेहद रोमांचक खेल का आयोजन विभिन्न विभागों के बीच किया गया। इस मुकाबले में फार्मेसी और इंजीनियरिंग विभाग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मार्केटिंग टीम उपविजेता रही। यह खेल टीम भावना, ऊर्जा और उत्साह से भरपूर रहा।

समापन समारोह और पुरस्कार वितरण- कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों, शिक्षकों और आयोजकों को इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया गया। इसके बाद, पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सभी खेलों और गतिविधियों के विजेताओं और उपविजेताओं को पदक, प्रमाण पत्र और प्रशंसा पुरस्कार प्रदान किए गए।

कृष्णा विकास समूह संस्थान, रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह सच्चे अर्थों में एकता, सशक्तिकरण और नारीत्व के उत्सव का प्रतीक रहा। इस आयोजन ने न केवल खेलों में लैंगिक समानता को बढ़ावा दिया, बल्कि सभी प्रतिभागियों के बीच आपसी संबंधों को भी मजबूत किया, जिससे यह दिन सभी के लिए प्रेरणादायक और यादगार बन गया।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बस्तर संभाग

रायपुर मंगलवार 11 मार्च 2025

संक्षिप्त समाचार

सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने टीम भावना के साथ करें बेहतर प्रदर्शन : कमिश्नर

जगदलपुर(विश्व परिवार)। कमिश्नर बस्तर संभाग डोमन सिंह ने कहा कि सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए टीम भावना के साथ मिलकर काम करना जरूरी है, जिससे निर्धारित सूचकांक पर बेहतर प्रदर्शन किया जा सके। समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास सहित पर्यावरणीय आयाम स्थापित करने की दिशा में संयुक्त राष्ट्र महासभा के द्वारा वर्ष 2015 में अपनाए गए 17 सतत विकास लक्ष्यों का उद्देश्य गरीबी उन्मूलन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, लैंगिक समानता, स्वच्छ जल और स्वच्छता, जलवायु परिवर्तन और उसके प्रभावों से निपटने के लिए ठोस कदम तथा समावेशी आर्थिक विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान केंद्रित करना है। जिला स्तर पर बेहतर रणनीति के साथ इन सेक्टरों में अच्छा कार्य और मॉनिटरिंग से ही आशातीत परिणाम हासिल किया जा सकता है। साथ ही धरातल पर बेहतर कार्य करने के लिए मैदानी अमले को निरन्तर मार्गदर्शन प्रदान कर उन्हें प्रोत्साहित करना आवश्यक है। कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह शुक्रवार को शासकीय गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय कुम्हरावण्ड के आडिटोरियम में राज्य नीति आयोग के द्वारा आयोजित सतत विकास लक्ष्य उन्मुखीकरण संभाग स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे। कमिश्नर ने इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए बस्तर की विषम भौगोलिक परिस्थितियों में कार्य करने की चुनौती को स्वीकार कर योजनाबद्ध ढंग से सकारात्मक प्रयास करने के लिए अधिकारियों को अभिप्रेरित करते हुए लक्ष्य हासिल किए जाने कहा। आरंभ में राज्य नीति आयोग के सदस्य सचिव नीतू गौरडिया ने स्वागत उदबोधन में सतत विकास लक्ष्य उन्मुखीकरण प्रशिक्षण के उद्देश्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सतत विकास लक्ष्यों को फ्रेमवर्क के आधार पर साझा प्रयासों से ही प्राप्त किया जा सकता है। इसे हासिल करने के लिए संसाधनों का अधिक प्रभावी और समुचित उपयोग से लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायता मिलती है। वहीं लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु निर्धारित इंडीकेटर्स की नियमित मॉनिटरिंग करने पर ध्यान केंद्रीत करना होगा। उन्होंने लक्ष्यों को हासिल करने हेतु संस्थागत व्यवस्था की भी विस्तृत जानकारी देते हुए जिला स्तर पर क्रियान्वयन एवं मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में राज्य नीति आयोग के तकनीकी विशेषज्ञों ने पॉवर पाइंट प्रस्तुति के जरिए स्टेट इंडिकेटर फ्रेमवर्क, एसआईएफ बेसलाइन एवं प्रोग्रेस रिपोर्ट, डिस्ट्रिक्ट इंडीकेटर फ्रेमवर्क के बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया और डिस्ट्रिक्ट इंडीकेटर फ्रेमवर्क के आधार पर जिला स्तरीय कार्यान्वयन और निगरानी समिति के माध्यम से जिला एवं ब्लॉक स्तर पर सतत विकास लक्ष्य के प्रचार-प्रसार सहित स्थानीयकरण के लिए कार्य, जिले में सतत विकास लक्ष्य के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु कार्य, राज्य को डिस्ट्रिक्ट इंडीकेटर फ्रेमवर्क संकेतकों के लिए डेटा प्रदान किए जाने कहा गया। साथ ही कार्यान्वयन हेतु जिम्मेदारी निर्धारित कर टीम में कार्य वितरण सहित सहयोगात्मक वातावरण में नवाचार और सृजनशीलता को बढ़ावा देने पर बल दिया गया। कार्यशाला में राज्य नीति आयोग की टीम ने सतत विकास लक्ष्यों से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रस्तुति दी। साथ ही सतत विकास लक्ष्यों के तहत राज्य में हो रहे प्रयासों पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं बताया गया कि डैशबोर्ड के माध्यम से डेटा प्रविष्टि, विश्लेषण और निर्णय-निर्माण को डिजिटल रूप से सशक्त बनाया गया है, जिससे नीति-निर्माण अधिक प्रभावी और पारदर्शी हो सकेगी। इस दौरान प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारियों के शंकाओं का भी समाधान किया गया। प्रशिक्षण सह कार्यशाला में बस्तर संभाग के सभी जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों, विभागीय प्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बढ़ाया समारोह का आकर्षण

शपथ ग्रहण समारोह के दौरान लोक कला मंच के कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसने कार्यक्रम को और भी उल्लासपूर्ण बना दिया। नगरवासियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया और नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

पंचायत चुनाव के परिणाम आने के बाद पंच सरपंच उपसरपंच ने विकास करने का लिए संकल्प

बेमेतरा(विश्व परिवार)। जिला के बेमेतरा जनपद पंचायत के अंतर्गत आनेवाला ग्राम पंचायत बहिंगा, के पूर्व पंच,श्रीमती जयकुमारी, देवशरण साहू, बनी नवनिर्वाचित सरपंच,और वही पूर्व सरपंच संदीप कुमार खर्रे के धर्म पत्नी,श्रीमती प्रमिला खर्रे,बनी ग्राम पंचायत बहिंगा करही की नवनिर्वाचित उपसरपंच, और पंच बने, बसंत धुरू, भारत निषाद,श्रीमति सुकृति तेजराम साहु,श्रीमति रूपा भुपेंद्र साहु, सिताराम निषाद, ईश्वर निषाद ,अशोक निषाद, चैनलाल यादव, श्रीमति सुशीला,सुनिल बंजारे,भुनेश्वर गन,श्रीमति कृष्णा लवकुमार गेन्डरे,सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर एवं पुष्प माला पहनाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दिए और परण लिए की पंचायत में सरपंच पंच उप सरपंच सभी मिलकर गांव की विकास के लिए हर एक संभव प्रयास करेंगे, तत्पश्चात नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती जयकुमारी, देवशरण साहू, और उप सरपंच श्रीमती प्रमिला संदीप खर्रे, साथ ही सभी पंचो के द्वारा गांव के महावीर की मंदिर में जाकर आशीर्वाद लिया और गांव के विकास कराने के लिए सब की समिति का आशीर्वाद लिया।

नवपदस्थ नगर निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता से प्रेस क्लब चांपा ने की सौजन्य भेंट

जांजगीर चांपा(विश्व परिवार)। थाना चांपा में नवपदस्थ नगर निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता ने 7 मार्च को अपना पदभार ग्रहण किया है। उनके अभिवादन के लिए प्रेस क्लब चांपा के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य भेंट किया और उन्हें बधाई दी। इसके अलावा उनके बीते और आगे के सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दिए। साथ ही नगर में पुलिस पेट्रोलिंग, ट्रैफिक व्यवस्था सहित अन्य विभिन्न मुद्दों पर उनका ध्यानाकर्षण किया गया। जिस पर उन्होंने बताया कि पदभार ग्रहण करते ही पहले दिन पेट्रोलिंग गाड़ी, पैदल पेट्रोलिंग, बाजारों में पेट्रोलिंग के लिए स्टॉफ को विशेष रूप से निर्देशित किए जाने की बात कही। इसके अलावा भी नगर में अपराध कम करने सहित कानून कायदों के लिए विभिन्न मुद्दों पर कार्य किए जाने की बात कही। उन्होंने

जल्द ही नगर में अच्छी पुलिसिंग व्यवस्था के लिए सभी के सहयोग को अपेक्षा की। इस अवसर पर प्रेस क्लब चांपा के प्रतिनिधिमंडल में क्लब के अध्यक्ष कुलवंत सिंह सलूजा, सचिव मूलचन्द गुप्ता, कोषाध्यक्ष विक्रम तिवारी, सदस्यता प्रभारी शैलेश शर्मा, गौरव गुप्ता, बलराम पटेल एवं अमन देवांगन मौजूद रहे।

कृषि विज्ञान केंद्र, बेमेतरा में प्रजनक बीज उत्पादन कार्यक्रम का निरीक्षण

बेमेतरा(विश्व परिवार)। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के निदेशक प्रक्षेत्र डॉ. राजेन्द्र लखपाले के मार्गदर्शन में कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), बेमेतरा में रबी 2024-25 के अंतर्गत गेंहू की उन्नत किस्म 'कनिष्का' का प्रजनक बीज उत्पादन कार्यक्रम 8 हेक्टेयर क्षेत्र में संचालित किया जा रहा है। इसी के निरीक्षण हेतु विश्वविद्यालय द्वारा गठित विशेषज्ञ टीम ने प्रक्षेत्र का भ्रमण किया। निरीक्षण दल में अखिल भारतीय बीज अनुसंधान परियोजना (क्रॉप) के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. आर.के. वर्मा, वैज्ञानिक डॉ. ओम नारायण वर्मा, छत्तीसगढ़ राज्य बीज प्रमाणीकरण संस्थान की रामेश्वरी नेताम, बीज प्रक्रिया केंद्र, पथर्रा बेमेतरा से संदीप सोनकर, तथा राष्ट्रीय बीज परियोजना, रायपुर से डॉ. नीरज यादव शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान केवीके प्रमुख तोषण कुमार ठाकुर एवं प्रक्षेत्र प्रभारी डॉ. लव कुमार ने टीम को प्रजनक बीज उत्पादन कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। टीम ने खेतों का दौरा कर फसल की स्थिति का आकलन किया और संतोषजनक प्रदर्शन की सराहना की। समय पर बुवाई और समुचित देखभाल के कारण गेंहू की फसल उत्कृष्ट स्थिति में पाई गई। गौरतलब है कि गत वर्ष रबी सीजन में इस प्रक्षेत्र में चना फसल का बीज उत्पादन कार्यक्रम संचालित किया गया था, जबकि इस वर्ष गेंहू का प्रजनक बीज उत्पादन किया जा रहा है। इसके साथ ही आधार एवं प्रमाणित बीज उत्पादन कार्यक्रम भी चलाया जा रहा है। 'निरीक्षण दल ने केवीके में स्थित बीज प्रसंस्करण केंद्र एवं गोदाम का भी अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि केवीके द्वारा उत्पादित प्रजनक बीज राष्ट्रीय स्तर पर अनुसंधान एवं बीज उत्पादन केंद्रों की मांग के अनुसार तैयार किया जाता है, जिसमें गुणवत्ता मानकों का पूर्ण पालन किया जाता है। निरीक्षण दल ने केवीके की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए बीज उत्पादन कार्यक्रम की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।

होली से पहले मिठाई दुकानों से खाद्य सुरक्षा विभाग ने लिए मिठाइयों के सैंपल

महासमुंद(विश्व परिवार)। होली पर्व को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा मिठाई दुकानों की सघन जांच की गई। एसडीएम उमेश साहू के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्योति भानु ने टीम के साथ बागबाहरा और पिथौरा की प्रमुख मिठाई दुकानों पर दबिश देकर मिठाइयों के सैंपल लिए। जांच के दौरान बागबाहरा के जलाराम मिष्ठान भंडार से जलेबी, बर्फी और कलाकंद' के नमूने लिए गए। वहीं, दशमेश होटल से बूंदी लड्डू और गाठिया' के सैंपल जांच के लिए एकत्र किए गए। हर्षद मिष्ठान्न भंडार से पेड़ा, चमचम और गुलाब जामुन के नमूने लिए गए। इसी तरह पिथौरा स्थित प्रतीक स्वीट्स से खोवा और कलाकंद के नमूने लिए गए।

राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में मातृशक्तियों का योगदान महत्वपूर्ण : रंजना साहू

गुरुकुल विद्यासागर विद्यालय लोहरसीं में आयोजित विश्व महिला दिवस कार्यक्रम में शामिल हुई पूर्व विधायक रंजना साहू*

धमतरी(विश्व परिवार)। गुरुकुल विद्यासागर विद्यालय लोहरसीं में विश्व महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुई, अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य धनेश्वरी साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि संतकिरण साहू, विजयलक्ष्मी गंजीर शामिल हुई। आए हुए सभी अतिथियों का तिलक लगाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनंदन विद्यालय द्वारा किया गया। कार्यक्रम के

अवसर में महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के खेल सहित मनोरंजक कार्यक्रम किया गया। उपस्थित सभी मातृशक्तियो को अपने जिम्मेदारी के साथ मजबूत राष्ट्र एवं समाज के निर्माण में व परिवार के साथ कंधे से कंधे मिलाकर आगे बढ़ने की बात कहते हुए श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाने उनके अधिकारों की रक्षा करने और उनके प्रति सम्मान बढ़ाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक योगदान में पहचान बनाने व सम्मान करने के लिए समर्पित यह दिवस मातृशक्तियों के लिए वरदान के समान है, जिसमें नारीशक्ति की पहचान छिपी हुई हैं । श्रीमती साहू ने इतिहास के पन्नों को प्रदर्शित करते हुए बताया कि जिस तरह ईसापूर्व सिंधुघाटी सभ्यता में भारतीय समाज मातृसत्तात्मक था इसी तरह आज भारत फिर से मातृसत्तात्मक राष्ट्र बन रहा है इसके लिए देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी एवं छत्तीसगढ़ के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय विष्णु देव साय जी मातृशक्तियों के वंदन के लिए नित प्रतिदिन अनेक योजनाएं लागू कर रही है जो की नारी शक्ति को समर्पित है। विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक व खेल में जिसके अंतर्गत सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता में राधिका सिंहा प्रथम, नीता साहू द्वितीय, माला गजेंद्र तृतीय, मोमबत्ती जलाओं प्रतियोगिता में सीता साहू प्रथम, भुनेश्वरी साहू द्वितीय, सोनिया ध्रुव तृतीय, टिकली लगाओ प्रतियोगिता में भावना शांडिल्य प्रथम, अंजलि साहू द्वितीय, मेहंदी प्रतियोगिता में गायत्री साहू प्रथम, छाया साहू द्वितीय, साधना साहू तृतीय, सुई धागा प्रतियोगिता में नेमिन निषाद प्रथम, सोनिया ध्रुव द्वितीय, अंजलि साहू तृतीय, फुगड़ी प्रतियोगिता में सोनम यादव प्रथम, खिलेश्वरी द्वितीय, दमयंती तृतीय, कुर्सी दौड़ में रेखा गजेंद्र प्रथम, तृतीय स्थान अर्जित किए।

घायल बच्चे के ईलाज के लिए घंटों करती रही इंतजार लेकिन स्वास्थ्य उपकेंद्र पर लटकता रहा ताला - खोपा

सूरजपुर/भैयाथान - खोपा(विश्व परिवार):-- ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य उपकेंद्र तो खोले गए हैं, लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से आमजन को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। इलाज के लिए लोगों को प्राइवेट व जिला अस्पताल का चक्कर काटना पड़ता है। रविवार को भैयाथान ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत खोपा स्थित स्वास्थ्य उपकेंद्र पर ताला लटक रहता था। बच्चे के इलाज के लिए आई महिला को निराश होकर लौटना पड़ा। स्वास्थ्य संबंधी सामान्य परेशानियों का स्थानीय स्तर पर इलाज हो सके, इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य उपकेंद्र खोले गए हैं। यहां स्वास्थ्य कर्मचारियों की तैनाती है, लेकिन इन केंद्रों के खुलने व बंद होने का कोई समय निर्धारित नहीं है। सुदूर ग्रामीण क्षेत्र होने से यहां अधिकारियों की आवाजाही भी सामान्य तौर से कम होती है। ऐसे में स्वास्थ्य कर्मी व

चिकित्साधिकारी इसका फायदा उठाकर अपने हिसाब से स्वास्थ्य उपकेंद्र का संचालन करते हैं। भैयाथान ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत खोपा में बने स्वास्थ उपकेंद्र पर स्वास्थ्य कर्मियों की मनमानी के चलते हमेशा ताला लगा रहता है। यहां तैनात एएनएम कभी समय से उपकेंद्र नहीं खोलती हैं। इससे गरीबों व गर्भवती महिलाओं और छूट पुट घटनाओं व टीका जैसे इलाज के लिए भटकना पड़ता है। उम्मीद लेकर महिलाएं उपकेंद्र पर आती हैं और निराश होकर वापस लौट जाती हैं। अपने बच्चे के ईलाज के आई महिला ने बताया की उपकेंद्र पर तैनात स्वास्थकर्मी कभी 10 बजे आते हैं, तो कभी 11 बजे तो कभी आते ही नहीं और केंद्र पर ताला लटकता रहता है महिला ने बताया कि यहां दवा भी नहीं मिल पाती है। जब भी उपकेंद्र पर आओ तो घंटों इंतजार करना पड़ता है। कभी-कभी तो पूरे दिन उपकेंद्र बंद रहता है। यहां स्वास्थ्य कर्मचारियों की तैनाती है लेकिन उपस्थिति भगवान भरोसे रहता है जिसे समय से उपकेंद्र खोलने की मांग प्रशासन से की है। इस स्थिति के कारण, मरीजों को इलाज के लिए निजी चिकित्सकों के पास जाना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक रूप से भी परेशानी होती है प्रशासन को इस समस्या पर ध्यान देना चाहिए और उपस्वास्थ्य केंद्र को नियमित रूप से चालू रखना चाहिए, ताकि लोगों को समय पर इलाज मिल सके। घायल बच्ची घंटों उपस्वास्थ्य केंद्र के बाहर पड़ी रही मगर नहीं खुला ताला, जहां से अपना अपना ड्यूटी छोड़ रहे नदारद जिसको देख जनपद सदस्य प्रतिनिधि अभय प्रताप सिंह भैयाथान ने सीएमओ सेऐसे कर्मचारियों पर कठोर कार्यवाही करने का मांग किया है।

मुंहबोले भाइयों के साथ पिकनिक स्पॉट गई युवती हुई दरिंदगी का शिकार

बलरामपुर(विश्व परिवार)। मुंहबोले भाइयों और बहन के साथ पिकनिक स्पॉट घूमने गई युवती के साथ दरिंदों ने दुष्कर्म किया. इतने पर भी मन नहीं भरा तो युवती को उसके भाई के साथ घर में बंधक बना लिया. किसी तरह भागने में कामयाब रहे भाई ने पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घंटेभर के भीतर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। घटना वाड्रफ नगर के खरहरा पिकनिक स्पॉट की है. जानकारी के अनुसार, पिकनिक मनाने पहुंचे युवक-युवतियों के साथ पहले तो आरोपियों ने मारपीट की. इसके बाद एक जोड़े के भागने पर दूसरे जोड़े को घर में बंधक बनाकर रखा. इसके पहले आरोपी कुछ और घटना को अंजाम देते युवक मौके से भागने में कामयाब रहा, और पुलिस को सूचना दी. वाड्रफनगर पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुये तत्काल आरोपियों को पकड़ा. घटना को अंजाम देने वाला मुख्य आरोपी सुनील है, जिसकी क्रिस्टोफर और राजपाल ने मदद की. फिलहाल, पुलिस आरोपियों को हिरासत में लेकर आगे की जांच शुरू कर दी है. इस घटना ने कई सवालों को जन्म दिया है, जिसका जवाब मिलना बाकी है. मामले में पुलिस चौकी प्रभारी धीरेन्द्र तिवारी ने बताया कि घटना में युवती के साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया गया जिसके बाद आरोपी सुनील व उसके दो अन्य सहयोगी साथी अगवा करके अपने घर ले आए थे. किसी प्रकार मुंहबोला भाई वहां से बचकर निकला, और पुलिस को इसकी सूचना दी. पुलिस नेएक घंटे के भीतर आरोपियों को पकड़कर आगे की कार्रवाई कर रही है.

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

खेल-व्यापार

रायपुर मंगलवार 11 मार्च 2025

व्यापार समाचार

फ़ोर्स एनएक्सटी का नया अभियान साहस, बहुप्रयोगिता और शैली का संगम, युवाओं पर केंद्रित

-इनरवियर, एथलीजर और सक्रिय पहनावे को बना रहा है व्यक्तिगत शैली का अहम हिस्सा-

नईदिल्ली। डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेडके प्रीमियम ब्रांड फ़ोर्स एनएक्सटीने आधुनिक पुरुषों के लिए इनरवियर, एथलीजर और सक्रिय पहनावे (एक्टिववियर) का सबसे पसंदीदा ब्रांड बनने की दिशा में कदम बढ़ाया है। यह आराम, शैली और आत्मविश्वास का बेहतरीन संयोजन पेश करता है।फ़ोर्स एनएक्सटीके नवीनतमटेलीविजन विज्ञापन (टीवीसी)में साहसिक नारा फ़ॉर व्हाट्स एनएक्सटी प्रस्तुत किया गया है, जो यह दर्शाता है कि इनरवियर, एथलीजर और सक्रिय पहनावा अब केवल उपयोगी वस्त्र नहीं रह गये हैं, बल्कि व्यक्तिगत शैली, आत्मविश्वास और आत्म-अभिव्यक्ति का महत्वपूर्ण हिस्सा बन गये हैं। इसटीवीसीका निर्देशन विशिष्ट फ़िल्मकारउजैर खानने किया है. यह एक अत्याधुनिक दृश्यात्मक प्रस्तुति है, जो आधुनिक जीवनशैली को दर्शाती है. इसमें दिखाया गया है किफ़ोर्स एनएक्सटीकी श्रृंखला केवल एक आवश्यकता भर नहीं, बल्कि व्यक्तित्व को निखारने का एक स्टाइलिश माध्यम भी है. विज्ञापन का नायक सहजता से अपनेफ़ोर्स एनएक्सटीपरिधान को प्रदर्शित करता है, जिससे साधारण परिस्थितियां भी फैशन की अभिव्यक्ति का जरिया बन जाती हैं और यह साबित होता है कि असली स्टाइल भीतर से शुरू होती है. डॉलर इंडस्ट्रीज लिमिटेडके प्रबंध निदेशकविनोद कुमार गुप्ताने कहा, इनरवियर, एथलीजर और सक्रिय पहनावा अब केवल उपयोगिता तक सीमित नहीं हैं; वे आत्म-अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास और शैली का अभिन्न हिस्सा बन गये हैं। अपने नवीनतमटीवीसीके माध्यम से हम दिखाना चाहते हैं किफ़ोर्स एनएक्सटीइनरवियर को एक नया आयाम दे रहा है—इसे पुरुष गर्व के साथ प्रदर्शित कर सकते हैं, ठीक वैसे ही जैसे वे अपने किसी भी अन्य पहनावे को दिखाते हैं। इस अभियान कोलो लिन्टासने तैयार किया है, जो इनरवियर, एथलीजर और सक्रिय पहनावे की भूमिका को आज के युवाओं की ज़िंदगी में एक नये रूप में प्रस्तुत कर रहा है। ऊर्जा से भरपूर और जीवंत दृश्यों में फ़िल्माया गया यहटीवीसीएक आत्मविश्वास से भरे, शैली के प्रति जागरूक पुरुष को दिखाता है, जो विभिन्न परिस्थितियों में महिलाओं से सहजता से बातचीत करता है और हर अवसर पर अपनेफ़ोर्स एनएक्सटीउत्पादों को प्रदर्शित करता है। इस अभियान मेंआकर्षक डिज़ाइनऔरसाहसिक कमरबंदको प्रमुखता से दिखाया गया है, जिससे यह प्रमाणित होता है कि ये वस्त्र आधुनिक व्यक्तिगत शैली का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुके हैं. यह अभियानडिजिटल, सोशल मीडिया, प्रिंट और टेलीविजनजैसे विभिन्न माध्यमों पर जारी किया गया है, जिसका उद्देश्य अधिक से अधिक दर्शकों तक पहुंच बनाना है और उन्हें यह समझाना है कि इनरवियर, एथलीजर और सक्रिय पहनावा केवल वस्त्र नहीं, बल्कि उनके व्यक्तिगत फैशन का अभिन्न हिस्सा हैं।

नैनो आधारित कृषि के लिए बायोफैक्टर और हैदराबाद विश्वविद्यालय में समझौता

नई दिल्ली । आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बायोफैक्टर और हैदराबाद विश्वविद्यालय (UoH) के इंजीनियरिंग साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते पर डॉ. देवेश निगम, रजिस्ट्रार, हैदराबाद विश्वविद्यालय, और डॉ. लक्ष्मीनारायण रेड्डी, सीईओ, बायोफैक्टर ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.जे. राव, अनुसंधान निदेशक प्रो. सम्राट साबत, डॉ .दिबाकर दास एवं अन्य प्राध्यापक और वैज्ञानिक उपस्थित रहे। समझौते के प्रमुख बिंदु: • नये नैनो कणों की खोज और विकास – कृषि, पोल्ट्री और मत्स्य पालन के लिए नैनो टेक्नोलॉजी आधारित समाधानों का विकास। ज़ नैनो कणों की सुरक्षा एवं पर्यावरण अनुकूलता ङ्क विषाक्तता परीक्षण (toxicity testing) कर इनके सुरक्षित उपयोग की पुष्टि। • विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम – वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों को नैनो टेक्नोलॉजी के अनुप्रयोगों में दक्ष बनाना। • शिक्षा और उद्योग सहयोग ङ्क अनुसंधान और नवाचार को व्यावसायिक उपयोग के लिए अनुकूल बनाना। अन्य सहयोगी पहल: • इंटर्नशिप के अवसर –कृषि, पोल्ट्री, मत्स्य पालन और नैनो टेक्नोलॉजी में अनुसंधान के लिए बायोफैक्टर में प्रशिक्षण। • तकनीकी विशेषज्ञता का विस्तार – UoH नैनो लैब में बायोफैक्टर वैज्ञानिकों के लिए विशेष शोध प्रशिक्षण। • नई परियोजनाओं का विकास ङ्क कृषि और जैविक प्रौद्योगिकी की आवश्यकताओं के आधार पर संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं का निर्माण।

मारुति सुजुकी की बिक्री तीसरी तिमाही में 16 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली(एजेंसी)। देश की बड़ी कार मैन्युफैक्चरिंग कंपनी मारुति सुजुकी ने बुधवार को वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के नतीजे पेश किए। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 3,727 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 3,206.8 करोड़ रुपये था। अधिक बिक्री के कारण कंपनी की ऑपरेशंस से आय सालाना आधार पर 15.7 प्रतिशत बढ़कर 38,764.3 करोड़ रुपये हो गई है। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 33,512.8 करोड़ रुपये था। दिसंबर तिमाही में कंपनी का खर्च सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 35,163 करोड़ रुपये हो गया है। स्टैंडअलोन आधार पर कंपनी का शुद्ध लाभ पिछले वर्ष की समान तिमाही के आंकड़े 3,130 करोड़ रुपये से 13 प्रतिशत बढ़कर 3,525 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में कंपनी का एबिटा सालाना आधार पर 14.4 प्रतिशत बढ़कर 4,470.3 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 3,907.9 करोड़ रुपये था। कंपनी का एबिटा मार्जिन 11.6 प्रतिशत पर करीब सपाट रहा है। कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसने 36,802 करोड़ रुपये की अब तक की सर्वाधिक शुद्ध बिक्री दर्ज की, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही के आंकड़े 31,860 करोड़ रुपये से अधिक है। मारुति सुजुकी ने नियामकीय फाइलिंग में कहा कि दिसंबर तिमाही में कंपनी ने 5,66,213 वाहन बेचे, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में 5,01,207 वाहन बेचे थे।

इंडियन वेल्स: 5 बार के चैंपियन जोकोविच पहले मैच में हारे

इंडियन वेल्स(एजेंसी)। पांच बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच को रविवार (आईएसटी) को इंडियन वेल्स ओपन के पहले दौर में लकी लूज़र बोटिक वैन डे जैन्डसचुल्प के हाथों हार का सामना करना पड़ा। वैन डे जैन्डसचुल्प ने जोकोविच को 6-2, 3-6, 6-1 से हराकर अपनी बढ़ती हुई दिग्गज किलिंग प्रतिष्ठा में इजाफा किया। वह इंडियन वेल्स में जोकोविच को हराने वाले लगातार दूसरे लकी लूजर बन गए। जोकोविच लगातार अपना तीसरा मैच हार गए, जो आखिरी बार 2018 में चोट से प्रभावित सीजन के हिस्से के रूप में हुआ था। उन्होंने 2025 में भी चोटों का सामना किया है, ऑस्ट्रेलियन ओपन में उनकी हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी। मुझे लगता है कि यह मेरे लिए ऑफिस का एक बुरा दिन था। मैं टेनिस के स्तर के लिए खेद व्यक्त करता हूं, क्योंकि मैं इन दिनों जिस तरह से अभ्यास करता हूं, वह बहुत ही खराब है। सेंटर कोर्ट और अन्य कोर्ट के बीच बहुत अंतर है। जोकोविच ने कहा, बॉल सेंटर कोर्ट पर कुछ सबसे ऊंचे क्ले कोर्ट से भी ऊंची उछल रही थी। अलेक्जेंडर ज्वेरेव के खिलाफ ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल में रिटायर होने, दोहा ओपनर में माटेओ बेरेटिनी से हारने और अब वैन डे जैन्डसचुल्प से हारने के बाद, यह दूसरी बार है जब जोकोविच 2008 सीजन (2018 ऑस्ट्रेलियन ओपन-मियामी) की शुरुआत के बाद से लगातार तीन मैच हारे हैं। एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर सबसे ज्यादा खिताब (40), फाइनल (59) और सेमीफाइनल (78) का रिकॉर्ड रखने वाले सर्ब मास्टर्स 1000 के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच जीतने के मामले में नडाल की बराबरी करने से चूक गए, हालांकि रिकॉर्डधारी नडाल के पास पहले से ही सबसे ज्यादा मास्टर्स खिताब हैं। वैन डे जैन्डसचुल्प ने जोकोविच के एक असामान्य रूप से त्रुटिपूर्ण शुरुआती सेट का फायदा उठाया और निर्णायक गेम में कुछ बेहतरीन शॉट-मेकिंग कौशल का प्रदर्शन करते हुए दो घंटे एक मिनट में जीत हासिल की। शीर्ष 10 प्रतिद्वंद्वी पर अपनी आठवीं जीत हासिल करके, वैन डे जैन्डसचुल्प ने 2025 में पहली बार एटीपी टूर पर लगातार दो जीत दर्ज की। हालांकि, वैन डे जैन्डसचुल्प की प्रतिष्ठा इतालवी से कहीं ज्यादा है। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले सीजन में कार्लोस अल्काराज और राफेल नडाल को हराया था और गुरुवार को निक किर्गियोस पर जीत हासिल की।

धवन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल से पहले 2013 चैंपियंस ट्रॉफी की जीत को याद किया

नई दिल्ली(एजेंसी)। पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले फाइनल से पहले भारत की 2013 चैंपियंस ट्रॉफी की जीत को याद किया और कहा कि मैन इन ब्लू को तीसरी बार फाइनल में प्रवेश करते हुए देखकर उन्हें प्रतिष्ठित ट्रॉफी उठाने के सम्मान की याद आ गई। धवन, जिन्होंने 2010 से 2022 तक 34 टेस्ट, 167 वनडे और 68 टी20 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के बाद पिछले साल अगस्त में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया था, दो चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में खेले हैं, पहला भारत का ट्रॉफी-देने वाला 2013 अभियान और फिर 2017 में जब वे निर्णायक मैच में पाकिस्तान से हार गए थे। धवन ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया, एक अविस्मरणीय जीत, 2013 की यादें अभी भी ताजा हैं। लड़कों को फाइनल में प्रवेश करते हुए देखकर, मुझे उस ट्रॉफी को उठाने की खुशी और सम्मान की याद आ रही है। उस पल को फिर से जीने के लिए, एक बार फिर इतिहास लिखे जाने के लिए। टीम को शुभकामनाएं, इसे घर ले आओ! जबकि भारत ने बिना हारे सीधे फाइनल में प्रवेश किया है, उनके रन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ एक दिलचस्प मोड़ लिया, जो ग्रुप ए में शीर्ष स्थान के लिए प्लेऑफ था, धवन ने टीम में मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को शामिल करने की सराहना की। पिछले हफ्ते दुबई में दोनों टीमों के बीच ग्रुप ए के मुकाबले में, जिसे भारत ने 44 रनों से जीता था, वरुण चक्रवर्ती ने अपनी विविधताओं से उन्हें चकमा दिया और 5-42 विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में, उन्होंने पहले पावर-प्ले में खतरनाक ट्रैविस हेड सहित दो विकेट लिए।

गुजरात टाइटन्स ने मैथ्यू वेड को सहायक कोच नियुक्त किया

नई दिल्ली(एजेंसी)। आईपीएल 2022 के विजेता गुजरात टाइटन्स (जीटी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18वें संस्करण से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर मैथ्यू वेड को सहायक कोच नियुक्त किया है। वेड कोचिंग स्टाफ में मुख्य कोच आशीष नेहरा, बल्लेबाजी कोच पार्थिव पटेल और सहायक कोच आशीष कपूर और नरेंद्र नेगी के साथ शामिल होंगे। गुजरात टाइटन्स ने एक्स पर पोस्ट किया, चैंपियन। फाइटर। अब हमारे सहायक कोच! जीटी डगआउट में आपका स्वागत है, मैथ्यू वेड! 37 वर्षीय वेड 2022 में हार्दिक पांड्या की कप्तानी में जीटी की खिताब जीतने वाली टीम के सदस्य थे और फिर 2024 में, जहां उन्होंने केवल तीन मैच खेले। ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी, जिन्होंने 15 आईपीएल मैच खेले हैं, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद आईपीएल मेगा नीलामी का हिस्सा नहीं थे। वेड ने पिछले साल अक्टूबर में 13 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया था। वह ऑस्ट्रेलिया के लिए 200 से ज्यादा मौकों पर खेल चुके हैं, जिनमें से ज्यादातर मौके उन्होंने दो सफेद गेंद वाले फॉर्मेट में खेले हैं। टी20 विश्व कप 2021 के विजेता ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 36 टेस्ट मैच, 97 वनडे और 92 टी20 मैच खेले हैं। उन्होंने वनडे और टी20 टीमों की कप्तानी भी की है।

एक्सिस बैंक एयरक्राफ्ट फाइनेंसिंग करने वाला पहला भारतीय बैंक बना

नागपुर(एजेंसी)। देश में निजी क्षेत्र के प्रमुख बैंकों में से एक एक्सिस बैंक ने गिफ्ट सिटी आईएफएससी में अपनी इंटरनेशनल बैंकिंग यूनिट (आईबीयू) के माध्यम से एयरक्राफ्ट फाइनेंसिंग ट्रांज़ैक्शन करने वाला पहला भारतीय बैंक बनने का गौरव हासिल किया है। यह ऐतिहासिक डील टाटा समूह की कंपनी एयर इंडिया की लीजिंग शाखा और पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एआई फ्लीट सर्विस (एआईएफएस) के लिए की गई। यह उपलब्धि भारत के एविएशन के फाइनेंसिं क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिस पर अब तक बहुराष्ट्रीय बैंकों का प्रभुत्व था। साथ ही, यह गिफ्ट सिटी को एयरक्राफ्ट लीजिंग और फाइनेंसिंग के उभरते केंद्र के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाती है। इस डील के तहत 34 ट्रेनिंग एयरक्राफ्ट की खरीद के लिए दीर्घकालिक यूएस डॉलर लोन शामिल है, जिन्हें महाराष्ट्र के अमरावती में एयर इंडिया के आगामी पायलट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में तैनात किया जाएगा। यह केंद्र भारत के सबसे बड़े पायलट ट्रेनिंग हब्स में से एक बनने जा रहा है, जो देश के बढ़ते एविएशन इंफ्रास्ट्रक्चर में योगदान देगा। इस लेनदेन के माध्यम से, एक्सिस बैंक भारतीय एयरलाइंस को घरेलू फंडिंग समाधानों तक पहुंच प्रदान करके एविएशन फाइनेंस इकोसिस्टम को नया रूप दे रहा है और ग्लोबल एविएशन क्षेत्र में भारत की वित्तीय आत्मनिर्भरता को मजबूत कर रहा है। गिफ्ट सिटी भारत का एयरक्राफ्ट फाइनेंसिंग हब बनकर उभर रहा है। यह पहली बार है कि भारत के बैंकिंग इतिहास में इस लेनदेन के सभी प्रमुख हितधारक, लेंडर, बॉरोअर, लॉ फर्म, फैसिलिटी एजेंट और सिक्योरिटी एजेंट, गिफ्ट सिटी की इकाइयां हैं। भारत सरकार गिफ्ट सिटी को वैश्विक एविएशन फाइनेंस केंद्रों के लिए एक रणनीतिक विकल्प के रूप में सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है, और इस क्षेत्र में एक्सिस बैंक की अग्रणी भूमिका उस दृष्टि को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

ऑटिस गिब्सन केकेआर के सहायक कोच बने

नई दिल्ली(एजेंसी)। वेस्टइंडीज के पूर्व तेज गेंदबाज ऑटिस गिब्सन को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल 2025 के लिए अपना सहायक कोच बनाया है। वह रयान टेन डेशकाटे की जगह लेंगे, जो अब भारत के सहायक कोच हैं। गत विजेता केकेआर ने हाल ही में अजिंक्य रहाणे को अपना नया कप्तान और वेंकटेश अय्यर को उपकप्तान बनाया था। पिछले साल के उनके मेंटॉर गौतम गंभीर और तेज गेंदबाजी कोच मोर्न मॉर्कल भी भारतीय टीम से जुड़ चुके हैं, जबकि खिताब जिताने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर भी अब पंजाब किंग्स के साथ हैं। इससे पहले केकेआर ने ड्वेन ब्रावो को अपना मेंटॉर बनाया था। टीम के मुख्य कोच अभी भी चंद्रकांत पंडित हैं, जबकि बी अरूण, चार्ल क्रो और नेथन लीमॉन कोचिंग स्टाफ के अन्य सदस्य हैं। गत विजेता केकेआर ने हाल ही में अजिंक्य रहाणे को अपना नया कप्तान और वेंकटेश अय्यर को उपकप्तान बनाया था। पिछले साल के उनके मेंटॉर गौतम गंभीर और तेज गेंदबाजी कोच मोर्न मॉर्कल भी भारतीय टीम से जुड़ चुके हैं, जबकि खिताब जिताने वाले कप्तान श्रेयस अय्यर भी अब पंजाब किंग्स के साथ हैं।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने हाईलक्स ब्लैक एडिशन पेश किया

बेंगलुरु: टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारत में एक नई हाईलक्स ब्लैक एडिशन पेश करने की घोषणा की। यह बेहतरीन लाइफ़स्टाइल वाला ऐसा यूटिलिटी वाहन है जो कठिन इलाकों में ऑफ-रोडिंग एडवेंचर ड्राइव और शहर में रोज़ाना इस्तेमाल के लिए सबसे उपयुक्त वाहन की तलाश करने वाले ग्राहकों की चाहत पूरी कर सकता है। ग्राहकों की बदलती अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया, नया हाईलक्स ब्लैक एडिशन अपनी शानदार मजबूती, शक्ति और प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए आक्रामक और परिष्कृत ऑल-ब्लैक थीम प्रदान करने का लक्ष्य रखता है।

हाईलक्स ब्लैक एडिशन के दिल में 2.8 लीटर फ़ोर-सिलेंडर टर्बो-डीज़ल इंजन है, जो 6-स्पीड ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन (500 एनएम टॉर्क) के साथ उपलब्ध है। इसका 4ङ्क4 ड्राइवट्रेन एक सहज ऑफ-रोड अनुभव सुनिश्चित करता है, जो इसे प्रदर्शन, शक्ति और परिष्कृतता का सही संयोजन बनाता है। टोयोटा की विश्व स्तरीय इंजीनियरिंग, उन्नत सुरक्षा सुविधाएँ और सर्वश्रेष्ठ-इन-क्लास आराम हाईलक्स ब्लैक एडिशन को अपने सेगमेंट में एक स्टैंडआउट बनाते हैं, जो सेगमेंट-लीडिंग 500 एनएम टॉर्क, एक अभिनव बहुउद्देश्यीय वाहन (आईएमवी) प्लेटफ़ॉर्म और एक असाधारण 700 मिमी पानी में उतरने की क्षमता प्रदान करता है।

हाईलक्स ब्लैक एडिशन में बिल्कुल नया ब्लैक थीम वाला एक्सटीरियर है, जो इसे सड़क पर एक प्रभावशाली उपस्थिति देता है। प्रमुख डिज़ाइन संवर्द्धन में ब्लैक रंग का फ्रंट रेडिएटर ग्रिल, मस्कुलर बोनट लाइन और कस्टमाइज्ड हब कैप के साथ 18 इंच के ब्लैक अलॉय व्हील शामिल हैं। ब्लैक ओआरवीएम कवर, डोर हैंडल, फेंडर गार्निश और फ्यूल लिड गार्निश जैसे अतिरिक्त स्टाइलिंग तत्व इसे आकर्षक और जोरदार लुक देते हैं। फ्रंट बंपर में स्पोर्टी टच देने वाला अंडर रन फीचर है। आधुनिक और प्रीमियम एस्थेटिक को पूरा करने के लिए शार्प स्वेप्ट-बैक एलईडी हेडलाइट्स और एलईडी रियर कॉम्बिनेशन लैंप हैं, जो एक विशिष्ट लाइटिंग सिग्नेचर सुनिश्चित करते हैं।

हाईलक्स ब्लैक एडिशन में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। इसमें 7 एसआरएस एयरबैग, वाहन स्थिरता नियंत्रण (वीएससी), ट्रैक्शन कंट्रोल (टीसी), इलेक्ट्रॉनिक डिफ़रेंशियल लॉक (ईडीएल) और बेहतर हैंडलिंग व नियंत्रण के लिए ऑटोमैटिक लिमिटेड स्लिप डिफ़रेंशियल (एएलएसडी) शामिल हैं। इसके अलावा, हिल असिस्ट कंट्रोल (एचएसी) और डाउनहिल असिस्ट कंट्रोल (डीएसी) ढलान और उबड़-खाबड़ इलाकों में बेहतर सुरक्षा प्रदान करते हैं। फ्रंट पार्किंग सेंसर तंग जगहों में सुविधा प्रदान करते हैं, जिससे एक भरोसेमंद और सुरक्षित ड्राइव सुनिश्चित होती है।

अंदर, हाईलक्स ब्लैक एडिशन ड्राइवर-केंद्रित प्रीमियम केबिन प्रदान करता है, जो अत्याधुनिक तकनीक के साथ आराम का मिश्रण करता है। इंटीरियर शानदार लेदर अपहोल्स्ट्री से बना है, जो व्यक्तिगत आराम के लिए दोहरे क्षेत्र वाली पूरी तरह से स्वचालित जलवायु नियंत्रण प्रणाली द्वारा पूरक है। वाहन में सहज कनेक्टिविटी के लिए एंड्रॉइड ऑटो और ऐप्पल कारप्ले की सुविधा वाला आठ इंच का इंफोटेनमेंट टचस्क्रीन है। अतिरिक्त आराम-बढ़ाने वाली सुविधाओं में आठ-तरफ़ा पावर्ड ड्राइवर सीट, स्वचालित डिमिंग के लिए इलेक्ट्रोक्रोमिक आईआरवीएम और बेहतर दृश्यता के लिए ऑडियो डिस्प्ले के साथ रिवर्स पार्किंग कैमरा शामिल हैं।

अतिरिक्त सुविधा के लिए, हाईलक्स ब्लैक एडिशन में इंजन पुश स्टार्ट/स्टॉप बटन के साथ स्मार्ट एंट्री, ऑटोमैटिक हेडलैम्प, इलेक्ट्रिक एडजस्ट और रिट्रैक्ट ओआरवीएम (अब नए डिज़ाइन से मेल खाने के लिए काले रंग के) शामिल हैं। क्रूज़ कंट्रोल लंबी दूरी की सहज ड्राइविंग सुनिश्चित करता है। इससे हाईलक्स ब्लैक एडिशन शहरी आवागमन और मुश्किल रोमांच दोनों के लिए एक आदर्श साथी बन जाता है।

लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के वाइस प्रेसिडेंट श्री वरिंदर वाधवा ने कहा, टोयोटा में, हमेशा बेहतर कारें देने की हमारी प्रतिबद्धता हमारे ग्राहकों की विविध गतिशीलता आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं की गहरी समझ पर आधारित है। व्यापक बाजार अनुसंधान और उपभोक्ता अंतर्दृष्टि के माध्यम से, हम उन वाहनों की बढ़ती मांग को पहचानते हैं जो शक्ति, परिष्कार और मजबूत बहुमुखी प्रतिभा का सहज मिश्रण करते हैं। टोयोटा हाइलक्स लंबे समय से स्थायित्व और प्रदर्शन का प्रतीक रहा है और हाइलक्स ब्लैक एडिशन की शुरुआत के साथ, हम इस विरासत को और भी आगे ले जा रहे हैं।

दैनिक
विश्व परिवार
महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, मंगलवार 11 मार्च 2025

छत्तीसगढ़ में फिल्म छावा ट्रैक्स फ्री, आदेश जारी

रायपुर (विसं)। छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्यिक कर विभाग मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर, अटल नगर नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 10 मार्च छावा के कथानक एवं अन्य विशेष गुणों को दृष्टिगत रखते हुए फीचर फिल्म के छत्तीसगढ़ में प्रदर्शन की अवधि दिनांक 27.02.2025 से छह माह तक के लिए इस सेवा प्रदाय पर छत्तीसगढ़ माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 (क्रमांक 7 सन् 2017) के अधीन देय राज्य माल और सेवा कर (एसजीएसटी) के समतुला राशि की प्रतिपूर्ति करते हुए सिने दर्शकों को उक्त राशि की छूट प्रदान करने का आदेश देता है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अदाणी फाउंडेशन का नारी शक्ति सम्मान

अदाणी फाउंडेशन ने 120 महिलाओं को सम्मानित किया

इस अवसर पर आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

रायपुर/तिल्दा (विश्व परिवार)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस नारी शक्ति, समानता और आत्मनिर्भरता का उत्सव है, जो पूरे विश्व में महिलाओं की उपलब्धियों को सम्मानित करने और उनके सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है, जिससे उन्हें नए अवसरों की ओर अग्रसर किया जा सके। इस अवसर पर अदाणी फाउंडेशन और अदाणी पावर लिमिटेड रायपुर द्वारा ग्राम तिल्दा में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अदाणी फाउंडेशन ने इस अवसर पर 120 महिलाओं को सम्मानित किया, जिनमें 22 महिलाएं सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी विभाग से तथा अदाणी महिला क्लब की अन्य सदस्य शामिल थीं। यह सम्मान उनके द्वारा समाज और संगठन के विकास में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती सुनीता वैद्य तथा विशिष्ट अतिथि श्री श्रीकांत वैद्य, स्टेशन हेड, अदाणी पावर लिमिटेड सहित कई गणमान्य व्यक्तित्व उपस्थित रहे। इस अवसर पर अदाणी पावर लिमिटेड के अधिकारी गण भी विशेष रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत श्री दीपक कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए की। इस मौके पर श्रीमती सुनीता वैद्य ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने कौशल को विकसित करने के लिए प्रेरित किया। वहीं, श्री श्रीकांत वैद्य ने अदाणी फाउंडेशन द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण

कार्यक्रमों की सराहना की और इन्हें और मजबूती से आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में ग्राम स्तर पर संचालित रिपा गारमेंट सेंटर की महिलाओं ने छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक प्रस्तुति दी, जिससे वहां मौजूद दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। बच्चों ने भी अपनी शानदार प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में रंग भर दिए। इस अवसर पर एक वूमन थीम सॉन्ग भी प्रस्तुत किया गया, जिससे महिलाओं के समाज में योगदान को रेखांकित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में एचआर हेड ने सभी का आभार व्यक्त किया और महिलाओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि अदाणी फाउंडेशन महिलाओं के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। हमारा उद्देश्य महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।

इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को सम्मानित करना, उनके सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करना और उनके योगदान को समाज के समक्ष प्रस्तुत करना था। अदाणी फाउंडेशन ने इस अवसर पर अपने संकल्प को दोहराया कि वे आगे भी महिला सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे। गौरतलब है कि अदाणी फाउंडेशन महिला सशक्तिकरण और सामुदायिक विकास के लिए समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन करता रहता है। इस प्रकार की पहलों से न केवल ग्रामीण महिलाओं का मनोबल बढ़ता है, बल्कि पूरे समुदाय को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

अदाणी पावर लिमिटेड, रायपुर के सामाजिक सरोकारों के तहत अदाणी फाउंडेशन द्वारा ग्राम रायखेड़ा, भाटापारा, गैतरा, खपरी, चिचोली, मुरा, मोहरेंगा, गौरखेड़ा, ताराशिव, छतोद, कोनारी और खमहरिया सहित कुल 12 गांवों के होनहार बालकों की गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत केन्द्रीय शिक्षण मण्डल से सम्बद्ध जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु नि:शुल्क नवोदय कोचिंग केंद्र का संचालन किया जा रहा है। साथ ही अंचल में गुणवत्ता पूर्ण चिकित्सा, शिक्षा और आजीविका उन्नयन के कई कार्यक्रमों का संचालन भी नियमित रूप से किया जा रहा है।

महाराष्ट्र मंडल में महिला दिवस के अवसर पर 110 महिलाओं ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया

भिलाई (विश्व परिवार)। आज भिलाई के महाराष्ट्र मंडल में महिला दिवस के अवसर पर मुझे आमंत्रित किया गया जिसमें 110 महिलाओं ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। सबसे बड़ी बात ये है कि पहली बार समय पर कार्यक्रम शुरू हुआ जिसके लिए सभी को बहुत बहुत बधाई।एक प्रतियोगिता भी रखी गई थी।जिसमें विवाह और बढ़ती हुई डिवोर्स से संबंधित विषय पर अपने विचार व्यक्त करने थे 10 लोगों ने अपने विचार रखे। जिसमें अनेक पहलू सामने आए 3 पुरस्कार और सभी प्रतियोगियों को भी सांत्वना पुरस्कार दिए गए।इनके मंडल में जिनका भी जन्म दिन होता हैं उनको आरती करके छोटा सा गिफ्ट देते हैं केक ना काटकर अपनी परंपरा बनाए रखी फिर मैने भी मेरी नई कपड़े की थैलियां उन सबको दी बहुत ही अच्छा लगा। शाल, श्रीफल मोमेंटो और पौधा देकर मुझे सम्मानित किया और फिर स्वादिष्ट स्वल्पाहार से कार्यक्रम का समापन हुआ।सभी टीम और आए हुए सभी सम्मानित अतिथियों और बहनों का आयोजन को सफल बनाने के लिए आभार।

निर्यापक मुनि श्री समता सागर महाराज ससंघ आज रायपुर में, प्रात: 8 बजे डी.डी. नगर जिनालय में होगा मंगल प्रवेश

रायपुर (विश्व परिवार)। उपरोक्त जानकारी देते हुये राष्ट्रीय प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी एवं स्थानीय प्रचार प्रमुख अतुल जैन गोधा ने बताया मुनिसंघ का रात्री विश्राम मोहन पैलेस में होकर प्रात:काल 8 बजे डी. डी नगर से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में 41 साल बाद मंगलप्रवेश होंने जा रहा है। मुनि श्री समतासागर महाराज की मुनि दीक्षा 1983 में ईसरी में इस युग के महान संत आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महामुनिराज के कर कमलों से संपन्न हुई थी एवं 1984 में आचार्य श्री संघ के साथ श्री सम्मैदशिखर जी की बंदना से लौटे थे और आज 41 साल बाद पुन: यह शुभ संयोग श्री सम्मेदशिखर जी की तीर्थ बंदना के निमित्त रायपुर बालों को प्राप्त होंने जा रहा है। मुनि श्री ने 10 अप्रेल सोमवार को भिलाई तीन के चरोदा ग्राम में ज्ञानोदय विद्यापीठ और हस्तकर्घा प्रशिक्षण केंद्र के सिलान्यास समारोह अवसर पर सम्बोधित करते हुये कहा।

पेड़ लगाने बाला एक व्यक्ति हुआ करता है, लेकिन जब पेड़ बड़ा हो जाता है, तो उसकी छाया पाने बाले अनेकों व्यक्ति हो जाया करते है, बड़े से बड़े से लक्ष्य की शुरुआत छोटे से रुप में ही शुरु होती है उन्होंने कहा कि आचार्य समन्तभद्रस्वामी ने महाराष्ट्र के एक ग्राम से एक पेड़ के नीचे वैठाकर पांच विद्यार्थियों को पड़ाना शुरू किया था देखते ही देखते वह संख्या बड़ती चली गई तथा उनका परिश्रम रंग लाया और एक बड़े गुरुकुल के रूप में वह आज भी प्रसिद्ध है, इस युग के महान संत आचार्य गुरुदेव विद्यासागरजी महाराज ने अपने संघ की शुरुआत मध्यप्रदेश के सोनागिर सिद्ध क्षेत्र से चार साधकों को क्षुल्लक दीक्षा देकर की थी, देखते ही देखते



वह आकार लेता चला गया और आज संपूर्ण देश में एक वृहद रुप में आप सभी के सामने है, मुनि श्री ने कहा कि आज भिलाई 3 में आपने जो सिलान्यास का कार्यक्रम किया है, इसका मुख्य उद्देश्य त्यागीवृतिओं के आहार विहार तथा आबास की व्यवस्था मिले सभी बच्चों को शिक्षा मिले तथा स्वरोजगार केंद्र के रूप में आत्म निर्भरता हेतु हस्तकर्घा प्रशिक्षण केंद्र का प्रकल्प तैयार किया जा रहा है। मुनि श्री ने कहा कि जंहा पर समाज का एक भी घर नहीं है उस स्थान पर समाज के विभिन्न शहरों से सैकड़ो बंधुओं ने आकर ध्वजारोहण एवं सिलान्यास का कार्यक्रम संपन्न किया यह आपकी धार्मिक प्रवत्तियों का तथा आचार्य गुरुदेव के प्रति निष्ठा का परिचायक है। मुनि श्री ने कहा कि जंहा पर समाज का एक भी घर नहीं है उस स्थान पर समाज के विभिन्न शहरों से सैकड़ो बंधुओं ने आकर ध्वजारोहण एवं सिलान्यास का कार्यक्रम संपन्न किया यह आपकी धार्मिक प्रवत्तियों का परिचायक है छत्तीसगढ़ का यह संस्थान की योजना पूज्य गुरुदेव के सामने ही रखी गई थी जिसमें उन्होंने आंशिक सुधार करते हुये अपना आशीर्वाद ढोंगरगड़ के अंतिम चातुर्मास में ही प्रदान कर दिया था यह प्रोजेक्ट अकेले भिलाई या दुर्ग बालों का नहीं है संपूर्ण छत्तीसगढ़ का है इसमें वर्तमान आचार्य समयसागर जी महाराज का भी आशीर्वाद प्राप्त है, इस अवसर पर मुनि पवित्र सागर महाराज ऐलक श्री निश्चयसागर महाराज, ऐलक श्री निजानंद सागर महाराज, क्षुल्लक संयम सागर महाराज के सानिध्य में संघस्थ बाल ब्र. अनूप भैया एवं रिंकू भैया सहयोगी संतोष जैन भिलाई मुनि भक्त सुवोध भुसावल, शेलेष जैन दमोह ने मंत्रोच्चारण के साथ विधी विधान को संपन्न कराया तथा ध्वजारोहण ज्ञानचंद बाकलीवाल द्वारा संपन्न हुआ संत भवन का सिलान्यास श्री मति चेलना बाई मनीत कुमार जैन परिवार नहरुनगर भिलाई द्वारा संपन्न किया गया तथा विद्यालय का सिलान्यास नरेन्द्र जैन गुरुकृपा परिवार ने किया तथा विनोद कुमार कोयला, श्री मति ऊषा अनिल जैन दुर्ग, सहिततथा अनेक बंधुओं ने अपने दान की घोषणा की।कार्यक्रम की संयोजना प्रशांत जैन भिलाई के द्वारा तैयार की गई इस अवसर पर रायपुर, वैशाली नगर, राजनांद गांव, दुर्ग डोंगरगड़ के श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित थे प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया मुनिसंघ का मंगल विहार भिलाई 3 से होकर रात्री विश्राम मोहन पैलेस में हुआ प्रात:काल विहार होकर 8 बजे डी डी नगर से मंगल आगवानी की जाऐगी एवं डी. डी.नगर दि. जैन मंदिर में मुनि श्री संघ की मंगल देशना तथा 10 बजे से आहार चर्या संपन्न होगी। मध्यान्ह में मुनिसंघ का विहार दि. जैन बड़ा मंदिर मालवीय रोड़ के लिये होगा।

एजुकेशन टूर 2025 पर रिपोर्ट : दिल्ली, मनाली, कसोल

रायपुर (विश्व परिवार)। कृष्णा विकास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, रायपुर कोइस शैक्षणिक दौरे के आयोजन के लिए हार्दिक धन्यवाद करना चाहते हैं। यह शैक्षणिक दौरा संस्थान के प्रबंधक, प्राचार्य और विभागाध्यक्ष के समर्पित प्रयासों के बिना संभव नहीं हो पाता।

हमारे आदरणीय प्राचार्य डॉ. डी.एन. देवांगन को उनके दूरदर्शी नेतृत्व के लिए तथा कंप्यूटरसाइंसइंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख डॉ. गार्गीशंकर वर्मा को उनके अमूल्य मार्गदर्शन और सहयोग के लिए विशेष धन्यवाद। हमें इतनी ज्ञानवर्धक और यादगार यात्रा प्रदान करने के लिए आपकी प्रतिबद्धता वास्तव में सराहनीय है।

शैक्षिक दौरे का समग्र अनुभव उल्लेखनीय था। यात्रा की शुरुआत 27 फरवरी को रायपुर से दिल्ली तक ट्रेन की सवारी से हुई। कंप्यूटरसाइंसइंजीनियरिंग विभाग और डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल शाखा के 23 छात्रों, 2 शिक्षकसाहित सुबह 7:40 बजे दिल्ली के लिए प्रस्थानकिये।

यह समूह 28 फरवरी को सुबह 5:00 बजे दिल्ली पहुंचा और होटल में कुछ समय आराम किया।। पूरे दिन में दिल्ली में दर्शनीय स्थलों की सैर की गई, उसके बाद शाम को खरीदारी की गई। बाद में, समूह ने मनाली के लिए रात भर यात्रा की।

1 मार्च को मनाली पहुंचने पर समूह ने अपने होटल में चेक-इन किया। अगले दिन, 2 मार्च को, उन्होंने मॉल रोड और हडिम्बा मंदिर जैसे स्थानीय आकर्षणों का दौरा किया। शाम को संगीत के साथ एक शानदार अलाव का आयोजन किया गया, जिसने अनुभव को और भी बेहतर बना दिया। 3 मार्च की शुरुआत कुल्लू की यात्रा से हुई, जहाँ समूह ने शानदार कुल्लू घाटी का भ्रमण किया और रिवर राफ्टिंग जैसी साहसिक गतिविधियों का आनंद लिया। इसके बाद, वे कसोल और मणिकरण की ओर बढ़े, और दिन का अंत कसोल में शिविरों में रात भर रुकने के साथ हुआ। 4 मार्च को, समूह ने पूरे दिन की सड़क यात्रा के साथ दिल्ली के लिए अपनी यात्रा शुरू की। वे 5 मार्च की सुबह दिल्ली पहुंचे।बाद में, समूह नागपुर के लिए रवाना हुआ और फिर रायपुर जाने वाली ट्रेन में सवार हो गया। रात भर की यात्रा के बाद, वे 6 मार्च को सुबह 8:25 बजे रायपुर पहुँचे, जहाँ यात्रा समाप्त हुई। यह सफल दौरा सीखने, रोमांच और सांस्कृतिक अन्वेषण का एक आदर्श मिश्रण था, जिसने हमें यादगार यादें और एक विस्तृत परिप्रेक्ष्य दिया।

ग्लोबल स्टार हॉस्पिटल ने सफलतम सेवा का पूरा किया एक वर्ष

रायपुर (विश्व परिवार)। रायपुर शहर में दीन दयाल उपाध्याय नगर स्थित ग्लोबल स्टार हॉस्पिटल ने अपनी उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाओं के एक वर्ष पूरा होने पर भव्य समारोह का आयोजन किया, जो कि 8 मार्च महिला दिवस की संध्या पर गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर रायपुर उत्तर के माननीय विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने स्वयं को अस्पताल का पूर्व मरीज बताते हुए अपने सुखद अनुभव साझा कर के अस्पताल के डॉक्टरों व नर्सिंग सेवाओं की सराहना की। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी श्री पवन देव तथा दुर्ग महिला अपराध शाखा की एएसपी पद्मश्री सिंह, बैंक ऑफ इंडिया की जोनल मैनेजर सी. गायत्री कंपा, उपस्थित रहे।

इस विशेष आयोजन में अस्पताल के स्टाफ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें डॉक्टरों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अस्पताल प्रबंधन ने सभी अतिथियों, कर्मचारियों और उनके परिवारों का आभार व्यक्त किया।

ग्लोबल स्टार हॉस्पिटल, रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय नगर, रिंग रोड-1 पर स्थित एक 150 बिस्तर का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल है, जो अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ मरीजों को समर्पित सेवा प्रदान कर रहा है। अस्पताल ने अब तक 15,000 से अधिक मरीजों को सफलतापूर्वक उपचार दिया और 3,000 से अधिक जटिल सर्जरी पूरी की हैं। यहां 40 बिस्तरों वाली आधुनिक आईसीयू, किडनी एवं डायलिसिस विंग, न्यूरो एवं स्पाइन सर्जरी, कंप्लीट ट्रॉमा केयर, जनरल सर्जरी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, स्त्री रोग विशेषज्ञ, अस्थि रोग विशेषज्ञ और कई अन्य चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हैं।

भविष्य में अस्पताल रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत करने जा रहा है, जिससे चिकित्सा सेवाओं को और अधिक उन्नत स्तर पर ले जाया जाएगा। अस्पताल अपने प्रारंभ से अत्याधुनिक मॉड्यूलर सुविधाओं से सुसज्जित है, जिससे मरीजों को उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

तिया व उठावना

स्व. श्री अशोक कुमारजी जैन

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है
श्री अशोक कुमार जैन उम्र 71 वर्ष पिता स्व. श्री दम्मू लाल जैन
बाबूलाल टॉकीज वाले का आकस्मिक निधन
दिनांक 09/03/2025 दिन रविवार को हो गया है।

तिया व उठावना का कार्यक्रम
दिनांक 11/03/2025 मंगलवार को
दोपहर 1:30 बजे आचार्य श्री विद्या सागर हॉल,
दिगम्बर जैन मंदिर पंचायत ट्रस्ट,
मालवीय रोड, रायपुर (छ.ग.) में रखा गया है ।

शोकाकुल परिवार
धन्य कुमार, कैलाश कुमार, आनंद कुमार जैन (भाई)
श्रीमती ममता जैन (धर्मपत्नी)
सचिन व मयंक जैन (पुत्र)
जियांश व मानविक जैन (पौत्र)
एवं समस्त बाबूलाल टॉकीज परिवार

प्रतिष्ठान:
लक्ष्मी ट्रेडर्स, मालवीय रोड, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9893406534, 9893132219

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक ने अपने कॉर्पोरेट कार्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 का जश्न मनाया

राज्य से लगभग 100 महिला कर्मचारी उपस्थित थीं

रायपुर (विश्व परिवार)। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक ने अपने कॉर्पोरेट कार्यालय में 8 मार्च 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 का जश्न मनाया। इस अवसर पर पूरे राज्य से लगभग 100 महिला कर्मचारी उपस्थित थीं।

इस समारोह में छत्तीसगढ़ राज्य के वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी की पत्नी डॉ अदिति पटेल, छत्तीसगढ़ राज्य की विशेष सचिव वित्त श्रीमती शीतल शाश्वत वर्मा, और सीआरजीबी के अध्यक्ष की पत्नी श्रीमती नीरू अरोड़ा ने भाग लिया।

डॉ अदिति पटेल, श्रीमती शीतल शाश्वत वर्मा, और श्रीमती नीरू अरोड़ा ने बैंक में महिला कर्मचारियों को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। राजनांदगांव की बैंक सखी श्रीमती दिव्या निषाद को भी उनके आत्म-सशक्तिकरण के प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें 26 जनवरी 2025 को गणतंत्र दिवस पर भारत की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित किया गया था। इसके अलावा, एक कार्यालय सहायक सुश्री श्रीबती यादव को उनकी समझ एवं हिम्मत के लिए भी मुख्य अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

डॉ अदिति पटेल ने बच्चों के जीवन में एक मजबूत मां की महत्वपूर्ण भूमिका को याद किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि हर महिला अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए बाधाओं और स्टीरियोटाइप्स को तोड़ने में सक्षम है।

श्रीमती शीतल शाश्वत वर्मा ने महिला सशक्तिकरण और शक्ति पर समान विचार साझा किए, सभी महिला कर्मचारियों को अपने व्यक्तिगत और पेशेवर जीवन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने राज्य भर में महिलाओं को सुविधा प्रदान करने वाले उत्पादों को बनाने में बैंक के प्रयासों की सराहना की। श्रीमती नीरू अरोड़ा ने परिवार में एक लड़की के आगमन से लाई गई अनोखी खुशी को रेखांकित किया। उन्होंने सभी महिलाओं से समाज के दुर्गुणों के खिलाफ आवाज उठाने और किसी भी परिस्थिति में हिम्मत नहीं हारने का आग्रह किया। सम्मान समारोह के बाद सभी प्रतिभागियों के लिए मजेदार खेल और गतिविधियाँ आयोजित की गईं।

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
राइनोप्लास्टी

नाक को सही (रिशेपिंग) करना
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

ITR फाइल 500/-
Whatsapp पर बनवाएँ
Income Tax फाइल, GST रजिस्ट्रेशन, TDS रिफंड, प्रोजेक्ट रिपोर्ट
CMA DATA, MSME, BALANCE SHEET, फूड लाइसेंस
हमारे Tax Expert आपकी मदद हेतु तैयार है।
सम्पर्क - शेखर गुप्ता 9300755544 - 8878655544
www.onlytds.com

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा आसमां पब्लिसर्स इंडिया प्रा.लि. पंजाब नेशनल बैंक के सामने, जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHIN/2013/50354